mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-30 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
31 जनवरी 2025 शुक्रवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



विराट कोहली की...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### परमाणु हथियारों वाला इस्लामी राष्ट्र बन सकता है ब्रिटेन

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन के एक बयान से सियासी हड़कंप मच गया है। ब्रेवरमैन ने ब्रिटेन के फिर से महान बनने की बात कहते हुए इस्लामिक कट्टरपंथ को आड़े हाथों लिया है। उनका यह बयान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नारे ङ्खत्र (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) से प्रेरित प्रतीत होता है। ब्रेवमैन ने यह बयान वाशिंगटन में स्थित दक्षिणपंथी थिंक टैंक ÷हेरिटेज फाउंडेशन÷ के एक कार्यक्रम में दिया था।



इस दौरान अपने भाषण में उन्होंने ब्रिटेन के इस्लामी कट्टरपंथ के हाथों में जाने की आशंका जताई थी। उन्होंने कहा था कि अगर ब्रिटेन की स्थिति नहीं बदली तो देश ÷मुस्लिम कट्टरपंथ के हाथों में पड़ सकता है और आने वाले दो दशकों में देश ईरान जैसी पश्चिम विरोधी ताकत बन सकता है। ब्रेवमैन ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जमकर सराहना की। उन्होंने दावा किया कि ब्रिटेन की मौजूदा नेतृत्व व्यवस्था पूरी तरह से कमजोर हो चुकी है, जिससे देश गंभीर खतरे की ओर बढ़ रहा है। ब्रेवमैन ने अपने भाषण में शरिया कानून का जिक्र करते हुए दावा किया कि ब्रिटेन में इसका प्रसार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ब्रिटेन कट्टरपंथी ताकतों के हाथ में चला गया तो उसकी परमाणु क्षमता ईरान जैसी शासन प्रणाली वाले किसी अन्य आतंकी समूह के हाथ में आ सकती है। ब्रिटेन अमेरिका का सबसे बड़ा दुश्मन बन सकता है। ब्रेवमैन ने अपने भाषण में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान का हवाला देते हुए कहा कि, उन्होंने (जेडी वेंस) एक बार कहा था, ÷ब्रिटेन पहला इस्लामी परमाणु राष्ट्र बन सकता है।÷

### पाकिस्तान सरकार इमरान खान की पार्टी से वार्ता के लिए फिर हुई तैयार

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के बीच एक बार फिर वार्ता के दौर शुरू हो सकता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (क्क्षढ्ढ) पार्टी के साथ बातचीत को



आगे बढ़ाने के लिए बृहस्पतिवार को एक संसदीय समिति के गठन का प्रस्ताव किया। विपक्षी पार्टी के साथ वार्ता विफल होने के बाद शरीफ ने यह पेशकश की है। दोनों पक्षों ने पिछले साल 23 दिसंबर को वार्ता शुरू की थी, लेकिन तीन बैठकों के बाद ही यह बातचीत तब बंद हो गई। वार्ता तब खत्म हुई जब पीटीआई ने 9 मई, 2023 और पिछले साल 26 नवंबर की घटनाओं पर न्यायिक आयोगों के गठन में देरी के मुद्दे पर कदम पीछे खींच लिया। बातचीत विफल होने के बाद पीटीआई ने फिर से आंदोलन शुरू करने की घोषणा की और कहा कि पिछले साल हुए चुनावों में कथित धांधली के विरोध में आठ फरवरी को 'काला ??दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस बीच, संघीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम शहबाज शरीफ ने आगे का रास्ता सुझाते हुए कहा कि न्यायिक समिति के स्थान पर घटनाओं की जांच के लिए संसद के सदस्यों वाली एक समिति बनाई जानी चाहिए, जिसमें दोनों दलों के सदस्य शामिल हों। उन्होंने कहा कि समिति का गठन उसी तर्ज पर किया जाना चाहिए जैसा 2018 में किया गया था, जब पीटीआई सत्ता में आई थी। तब शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले विपक्ष ने चुनाव संबंधी जांच की मांग की थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महाकुंभ दौरा हो सकता है स्थगित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज नहीं जाएंगे। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी ने महाकुंभ में जाने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी 5 फरवरी का दौरा स्थगित करने के बाद किसी और दिन प्रयागराज जा सकते हैं। हालांकि इसे लेकर अभी तक किसी तरह की आधिकारी जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले पीएम मोदी ने कल महाकुंभ में हुए हादसे पर गहरा दुख जताया था। पीएम मोदी ने इस 'हादसे' को 'अत्यंत दुखद' करार दिया और इसमें अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। हादसे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चार बार बात करने के बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''



महाकुंभ मेला क्षेत्र में भगदड़ की घटना के एक दिन बाद प्रदेश सरकार ने भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास और तेज कर दिए। इस बीच, बृहस्पतिवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है। मंगलवार देर रात हुई भगदड़ की घटना का यहां आ रहे श्रद्धालुओं पर कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा और वे मोक्ष पाने की अभिलाषा में स्नान घाट की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश सरकार के मुताबिक, बृहस्पतिवार को शाम चार बजे तक 1.77 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई।

**रोहिणी की सभा में गरजे अमित शाह**

## आम आदमी पार्टी ने पूरी दिल्ली को कूड़ेदान में बदल दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के रोहिणी में एक जनसभा में आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 10 सालों तक इन्होंने (आप) पूरी दिल्ली को कूड़ेदान में बदल दिया। आप-दा को हटाने का मतलब है 10 सालों के अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार को जवाब देना। अमित शाह रोहिणी से बीजेपी प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

अमित शाह ने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली की जनता के सामने मौका है कि वे दिल्ली में क्कको हटाकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाएं। 10 सालों तक इन्होंने पूरी दिल्ली को कूड़ेदान में बदल दिया... ये लोग बहाने बनाते रहते हैं। बीजेपी की सरकार बनने पर दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, सड़कों और गलियों की सफाई होगी।



अमित शाह ने कहा कि 5 तारीख को दिल्ली की जनता के सामने क्कको हटाकर मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है। कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के शीश महल के शीशे टूट जाएं। मैं आपको बताकर जाता हूं कि तीसरी बार आप हमारे विजेंद्र गुप्ता को जिता दीजिए। विजेंद्र गुप्ता के जीतते ही हम रोहिणी को दिल्ली का टॉप विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे।

दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे।

## राहुल गांधी ने केजरीवाल को दिया चैलेंज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली चुनाव में कांग्रेस ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बादली में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आम आदमी पार्टी और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ साल पहले अरविंद केजरीवाल आए थे। मुझे याद है वह बिजली के खंबे पर चढ़ गए थे। छोटी सी गाड़ी में घूमते थे। आज वही केजरीवाल ऑटोमेटिक गाड़ी में चलते हैं। शीशमहल में रहते है। राहुल गांधी ने कहा कि पांच साल पहले उन्होंने कहा था कि यमुना में जाकर नहाउंगा। यमुना का पानी पियूंगा। मैं चैलेंज देता हूं आपको केजरीवाल जी आप दिल्ली के लोगों को गंदा पानी पिलाते हो, यमुना का पानी छोड़ो यहां जो पानी मिल रहा है उसी को पीकर दिखा दो। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे पीएम मोदी झूठ बोलते हैं वैसे केजरीवाल भी झूठ बोलते हैं। दोनों में कोई फर्क नहीं है। शायद केजरीवाल मोदी से भी ज्यादा चालाक हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं बीजेपी से नहीं डरता।

## रेप के आरोप में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर गिरफ्तार

**पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में से उठाया**

**सीतापुर (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को पुलिस ने गुरुवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब वह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। राठौर पर एक महिला से रेप का आरोप है और हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोतवाली नगर पुलिस ने राठौर को उनके आवास से गिरफ्तार किया। उस समय वह मामले पर प्रेस के सामने बयान दे रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में ही पुलिस वहां पहुंची और राठौर को अपने साथ ले गई। बता दें कि हाई कोर्ट ने बुधवार को वकीलों की दलीलें सुनने के बाद राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पुलिस के अनुसार, सांसद राठौर को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि इसके पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने रेप के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी थी। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की सिंगल मेंबर बेंच ने यह आदेश सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत को



बताया कि शिकायतकर्ता ने यह मुकदमा 4 साल के बाद दर्ज करवाया है और उनके मुवक्किल को इस मुकदमे में झूठा फंसाया गया है। शिकायतकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने दलील दी कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर एक दबंग नेता हैं, जिसके डर के कारण उनकी मुवक्किल ने केस देर से दर्ज करवाया।

राठौर के वकील ने सरेंडर के लिए कोर्ट से समय मांगा, जिस पर अदालत ने दो हफ्ते के अंदर सांसद को सेशन कोर्ट में सरेंडर करने को कहा। राठौर ने इससे पहले सीतापुर की सेशल कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। पुलिस ने 17 जनवरी को एक महिला की शिकायत के बाद राठौर के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## महाकुंभ में पांच तरीकों से कंट्रोल होगी भीड़

**भगदड़ के बाद मेला क्षेत्र में लागू हुये पांच नये नियम**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ मेला क्षेत्र में भगदड़ की घटना के एक दिन बाद प्रदेश सरकार ने भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास और तेज कर दिए हैं। बुधवार तड़के हुई घटना में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 60 लोग घायल हो गए थे। हालांकि गुरुवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है और भगदड़ की घटना का यहां आ रहे श्रद्धालुओं पर कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा। इस बीच सरकार ने मेला क्षेत्र में भीड़ के प्रबंधन के लिए 5 बड़े उपाय अपनाए हैं, जिनमें बाहरी वाहनों के प्रवेश पर बैन से लेकर वीवीआईपीपासों को रद्द किया जाना शामिल है।

**मेला क्षेत्र में भीड़ के प्रबंधन के लिए अपनाए गए उपाय:** प्रयागराज में नो व्हीकल जोन बनाया गया है और महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है। किसी को भी वीवीआईपी पास नहीं दिया जाएगा। सभी पास रद्द कर दिए गए हैं ताकि किसी को भी विशेष प्राथमिकता न मिले।



श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए वन-वे ट्रैफिक रूट सिस्टम भी लागू किया गया है।

राज्य सरकार ने कहा कि भीड़भाड़ कम करने के लिए प्रयागराज के पड़ोसी जिलों से आने वाली कारों को जिले की सीमाओं पर रोका जा रहा है।

व्यवस्था बनाए रखने के लिए 4 फरवरी तक मेला क्षेत्र में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही ड्रोन और हेलीकॉप्टर से मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।

**गोयल और गोस्वामी को दी गई बड़ी जिम्मेदारी:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेला क्षेत्र में पुलिस प्रशासन, एंबुलेंस, 'सक्शन' मशीन की गाड़ी आदि के प्रवेश को बनाए रखा जाएगा क्योंकि इनके बिना मेले का सुचारू संचालन नहीं हो सकेगा। बता दें कि प्रदेश सरकार व्यवस्थाओं को और दुरुस्त करने के लिए कुंभ मेला 2019 में सेवाएं दे चुके वरिष्ठ अधिकारियों आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को भी महाकुंभ मेले में तैनात करेगी। पिछले कुंभ के दौरान आशीष गोयल प्रयागराज के मंडलायुक्त थे, जबकि गोस्वामी प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष थे।

## दिल्ली में एक फरवरी से शुरू होगा विश्व पुस्तक मेला

**पुस्तक मेले में 2,000 से अधिक प्रकाशक और 1,000 से ज्यादा वक्ता मेले में आएंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साहित्य प्रेमियों के लिए विश्व पुस्तक मेला 2025 दिल्ली के भारत मंडपम में लगने जा रहा है। विश्व पुस्तक मेला का आयोजन एक फरवरी से 9 फरवरी तक चलेगा। इसका विषय 75वें गणतंत्र दिवस पर केंद्रित होगा और आयोजन में 50 देशों की भागीदारी रहेगी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुस्तक मेले का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को करेंगी। पुस्तक मेले में 2,000 से अधिक प्रकाशक और 1,000 से ज्यादा वक्ता मेले में आएंगे। आयोजकों के अनुसार, इस साल रूस को मुख्य देश के रूप में चुना गया है। एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने कहा कि यह मेला भारत की सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की आकांक्षाओं को जोड़ने का मंच बनेगा।

पुस्तक मेले में अभिनेता पंकज त्रिपाठी, लेखक शशि थरूर, कवि कुमार विश्वास, फिल्मकार प्रकाश झा और केंद्रीय संस्कृति



मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जैसी हस्तियां भी मेले में भाग लेंगी। इसके अलावा, ब्रह्मपुत्र साहित्य उत्सव, प्रभात प्रकाशन, भारत साहित्य महोत्सव, एपीजे कोलकाता लिटरेरी फेस्टिवल, पेंगुइन डायलॉग्स और ग्रेट इंडियन बुक टूर जैसे कई साहित्यिक आयोजन मेले के दौरान समानांतर रूप से आयोजित किए जाएंगे।

इस साल मेले में लेखक लाउंज और चिल्ड्रन कॉर्नर जैसी नयी पहल की गई हैं। चिल्ड्रन कॉर्नर में कहानी सुनाने, साहित्य, कला, नृत्य और शिल्प कार्यशालाएं होंगी, जिससे बचों को किताबों के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर मिलेगा।

विश्व पुस्तक मेले के लिए टिकट दिल्ली के कुछ मेट्रो स्टेशनों से भी खरीदा जा सकता है। टिकट की कीमत 20 रुपये प्रति व्यक्ति रखी गई है। बचों को टिकट 10 रुपये में मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि स्कूल के कपड़े में आने वाले छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 के लिए टिकट ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है। इसके लिए आपको आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। अपनी पसंदीदा यात्रा तिथि चुनें। आप जितने टिकट खरीदना चाहते हैं, उनकी संख्या भरें करें। भुगतान के लिए आगे बढ़ें और लेनदेन पूरा करें।

## अपने जन्मदिन पर स्विमिंग पूल में डूबी बच्ची, मौत

**विल्लुपुरम (एजेंसी)।** एक छोटी सी लापरवाही के कारण 6 साल की बच्ची की अपने जन्मदिन के जश्न के दौरान ही मौत हो गई। चौंका देने वाली यह घटना तमिलनाडु के मरक्कनम के पास एक 'रिसॉर्ट' की है, जहां अपने जन्मदिन का जश्न मनाते समय 'स्विमिंग पूल' में डूबने से 6 साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।



पुलिस ने बताया कि लड़की अपने माता-पिता और 10 वर्षीय भाई के साथ 'रिसॉर्ट' के 'स्विमिंग पूल' में खेल रही थी। बाद में लड़की की मां उसे कमरे में ले गई, लेकिन लड़की फिर से वापस आ गई और फिसलकर 'स्विमिंग पूल' में गिर गई। पुलिस ने बताया कि 'स्विमिंग पूल' के पास मौजूद सुरक्षा गार्ड ने बच्ची को बचाया और उसे पुडुचेरी सीमा के पास गणपति चेट्टीकुलम के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उस बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, कोट्टाकुप्पम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लड़की के पिता सुशांत थौबल उत्तराखंड के रहने वाले हैं और बेंगलुरु में एक फर्म में काम करते हैं। वे 26 जनवरी को अपने परिवार के साथ छुट्टियों पर पुडुचेरी गए थे।

# मेला क्षेत्र में फिर लगी आग, फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ मेला क्षेत्र में एक बार फिर आगजनी की घटना सामने आई है। हालांकि, इस बार समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और किसी भी तरह की जनहानि नहीं

**● आग झूसी छतनाग घाट, नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास लगी**

हुई। यह आग झूसी छतनाग घाट, नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास लगी थी। महाकुंभ के सेक्टर 22 में आग लगने से कई टेंट जलकर राख हो गए। मौके पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुट गई। दो फायर टेंडर समय रहते मौके पर पहुंच गई थे। मौके पर पहुंची




फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि उन्हें कुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो 15 टेंट में आग लगी हुई थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के भी झुलसने की खबर नहीं है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। लोगों को हिदायत दी जा रही है। एसडीएम की तरफ से बजाया गया है कि यहां अनाधिकृत टेंट लगाए गए थे। यह क्षेत्र चमनगंज चौकी के अंतर्गत आता हैं। उन्हें इस बारे में सूचित कर दिया गया है।

बुधवार (29 जनवरी) को महाकुंभ मेला क्षेत्र में भगदड़ मच गई थी। कुछ लोग बैरिकेड तोड़कर जाना चाहते थे। वहीं, कुछ लोग जमीन पर सो रहे थे। भीड़ इन लोगों के ऊपर से गुजर गई। इस घटना के बाद 90 लोगों को अस्पताल लाया गया। इनमें से 30 की मौत हो गई। कई अन्य घायल हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में इससे पहले भी आगजनी की छुटपुट घटनाएं हुई हैं, लेकिन उनकी वजह से किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। 25 जनवरी को मेला क्षेत्र के सेक्टर-दो में मीडिया सेंटर के पीछे दो कार में आग लग गई थी। हालांकि, दमकलकर्मियों ने आग पर समय रहते काबू पा लिया था। किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई थी।

इससे पहले 19 जनवरी को सेक्टर-19 में एक शिविर में पुआल में आग लगने के बाद 18 शिविर जलकर खाक हो गए थे। हालांकि, दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया और कोई जनहानि नहीं हुई। गीता प्रेस और अखिल भारतीय धर्म संघ द्वारा कल्पवासियों के लिए लगाए गए इन शिविरों में लगी आग को बुझाने में करीब 15-16 गाड़ियां लगाई गई थीं।

# खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रदेश को गर्व–राज्यपाल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने दृष्टि–बाधितों के लिए राष्ट्रीय महिला टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण की विजेता प्रदेश की टीम को राजभवन में आमंत्रित किया। उनके साथ चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रदेश का हर नागरिक गर्व का अनुभव कर रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। राज्यपाल श्री पटेल आज राजभवन के बिलियर्ड्स हॉल में दृष्टि बाधितों के लिए पांचवें राष्ट्रीय महिला टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ चर्चा कर रहे थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने टीम के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ियों के साथ उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन के संबंध में चर्चा की। टीम के गठन, बॉलिंग, बैटिंग और फील्डिंग संबंधी बारीकियों के बारे में भी खिलाड़ियों से जानकारी ली। राज्यपाल श्री पटेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिस तरह स्वच्छता सर्वेक्षण में 7 बार से इंदौर देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहा है। उसी तरह आपकी टीम भी लगातार विजेता रह कर नया कीर्तिमान कायम करे।

राज्यपाल श्री पटेल को क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दी ब्लाइंड मध्यप्रदेश के जनरल सेक्रेटरी श्री सोनू गोलकर ने बताया कि हाल ही में क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया द्वारा 13 से 18 जनवरी 2025 तक कोच्चि, केरल में राष्ट्रीय महिला टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट में देश के कुल 19 राज्यों ने भाग लिया था। मध्यप्रदेश की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही। प्रदेश की टीम ने फाइनल मुकाबले में कर्नाटक को हराकर राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीता है। उन्होंने बताया कि एमपी महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम का गठन वर्ष 2021 में किया गया। इतने कम समय में ही प्रदेश की महिला खिलाड़ियों ने गौरव पूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। इस अवसर पर टीम की महिला खिलाड़ी आरती, नंदिनी कलमे, प्रिया कीर, पायल रावत, दुर्गा उइके, सुनीता सराठे, रेणुका चौहान, अनुष्का प्रजापति, शिल्पा निषाद, करिश्मा बारस्कर, सुषमा पटेल, खुशबू उइके, दुर्गा येवले, सिमरन डंगोड़े, दीक्षा वर्मा, मेनेजर दीपक पहाड़े और कोच ओमप्रकाश पाल उपस्थित थे।

## शहीदों की स्मृति में रखा गया मौन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति मं संभागायुक्त कार्यालय परिसर में दो मिनट का मौन धारण किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यह दिवस राष्रीयय शहीद दिवस के रूप में याद किया जाता है। इस दिन सभी देशवासी अपने अमर शहीदों का स्मरण करते है और उनके सम्मान में पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनिट का मौन रखते हैं। संयुक्त आयुक्त श्री विनोद यादव सहित कार्यालय में पदस्थ अधिकारी – कर्मचारी उपस्थित थे।

## किसानों की समृद्धि के लिये बढ़ाई जा रही है कृषि उत्पादकता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों की समृद्धि और खुशहाली राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। प्रदेश में संकल्पबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों को समृद्ध बनाने के लिये कृषि उत्पादकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को सस्ते दाम पर बीज, फर्टिलाइजर एवं मशीनरी उपलब्ध करवाई जा रही है। विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय तिलहन मिशन, बीज ग्राम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और एसएमएएम योजना के माध्यम से उन्नत किस्मों का बीज एवं कृषि उपकरण अनुदानित दरों पर किसानों को प्रदान किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसलों के नुकसान का समय पर आंकलन कर राहत राशि वितरित की जाती है। प्रदेश के ग्रामीण युवाओं, फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन और स्व–सहायता समूह के माध्यम से अनुदान सहायता के आधार पर स्थापित कस्टम हायरिंग केन्द्रों से किसानों को किराये पर सस्ते दाम में कृषि उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कृषि विभाग में प्रचलित कृषि यंत्रीकरण प्रोत्साहन योजना में प्रतिवर्ष 50 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान कर एक हजार कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित है। प्रदेश में कृषक उत्पादक संगठनों का गठन करके प्रत्येक एफपीओ को 18 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता एवं 5 करोड़ रूपये तक की क्रेडिट गारंटी सुविधा दी जा रही है। श्रीअन्न की फसल बोने पर लघु एवं सीमांत किसानों के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में देय प्रीमियम में सब्सिडी प्रदान की जा रही है। राज्य मिलेट मिशन के अंतर्गत कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा एवं रागी के उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। प्रमाणित बीज वितरण, कृषक अध्ययन, भ्रमण, सेमिनार, वर्कशॉप, मिलेट मेला, प्रचार–प्रसार के लिये सभी जिलों में निर्देश जारी किए गए हैं। फूड फेस्टिवल, ब्रांडिंग गैलेरी के लिये मध्यप्रदेश टूरिज्म विकास निगम के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2024–25 में 12.60 लाख मीट्रिक टन श्री अन्न (कोदो, कुटकी, रागी, बाजरा आदि) के उत्पादन का लक्ष्य है। वर्ष 2025–26 में 13.85, वर्ष 2026–27 में 15.35, वर्ष 2027–28 में 17.35 एवं वर्ष 2028–29 में 19.85 लाख मीट्रिक टन के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा - 2025

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जवाहर नवोदय विद्यालय, रातीबड़ जिला भोपाल में कक्षा 9वीं –11वीं में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा – 2025, शनिवार 8 फरवरी 2025 को भोपाल जिले के दो केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश–पत्र ऑनलाइन उपलब्ध हैं। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबड़ भोपाल ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश–पत्र ऑनलाइन ठ्ठ1श्स्र्ड्ढ4ड्ड.द्दश्1.द्धठ्ठ से स्वयं ही प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश–पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो दूरभाष 0755–2896325 एवं मोबाइल नंबर 95843–59571 पर सपंर्क किया जा सकता है।

## शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट कार्यालय में रखा गया 2 मिनिट का मौन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में दो मिनट का मौन धारण किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यह दिवस राष्रीयाय शहीद दिवस के रूप में याद किया जाता है। इस दिन सभी देशवासी अपने अमर शहीदों का स्मरण करते है और उनके सम्मान में पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनिट का मौन रखते हैं। एडीएम श्री प्रकाश नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री अजय शर्मा सहित कार्यालय में पदस्थ अधिकारी – कर्मचारी उपस्थित थे।

## राज्यमंत्री गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र में 1 करोड़ 38 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि जनता ने विश्वास जताया है तो अब हमारा तन–मन व जीवन गोविदंपुरा विधानसभा की सेवा के लिए समर्पित है। यह बात उन्होंने बुधवार को अवधपुरी मंडल के वार्ड 61 में आयोजित भूमि–पूजन कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने 1 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि–पूजन किया।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने रिगल होम्स में बाउंड्रीवॉल का भूमि–पूजन किया, जिसकी मांग लंबे समय से स्थानीय रहवासी कर रहे थे। एसओएस बालग्राम से शिवलोक फेज–3 तक सीमेंड रोड का भूमिपूजन किया। इसी तरह दीप मोहिनी, सुख सागर में नाली निर्माण के कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान रहवासियों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप क्षेत्र में लगातार सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखे।

## प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा में प्रशासन पूरी तत्परता से कार्यरत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रयागराज में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने रीवा मार्ग से प्रयागराज जा रहे सभी श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने की विनम्र अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन उनकी सेवा में पूरी तत्परता से कार्यरत है और हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान यात्रा के दौरान लगातार प्रशासन से संपर्क में हैं। प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संदर्भ में उनसे विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता और सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्थानीय प्रशासन एवं सामान्य जनों के सहयोग से व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार इस स्थिति को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है और महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की हर समस्या का समाधान करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा है कि वे लगातार स्थानीय प्रशासन से सीधे संपर्क में हैं और स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं एवं सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## राज्यमंत्री बागरी ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नगरीय विकास एवं आवास तथा डिंडोरी जिले की प्रभारी राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की मंत्रालय स्थित कक्ष में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और जल निगम के अधिकारियों से डिंडोरी, करंजिया और शहपुरा–मेहंदवानी समूह जल प्रदाय परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने परियोजनाओं की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक मैनपावर और संसाधनों का समुचित उपयोग कर कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय–सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे योजनाओं का शीघ्र लाभ आमजन तक पहुंच सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित स्थानों का रिस्टोरेशन कार्य भी प्रभावी ढंग से किया जाए, जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने अधिकारियों को जल मिशन के कार्यों को तत्परता से पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि नल–जल योजना का लाभ प्रत्येक घर तक पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाये।

राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि फरवरी माह में वे स्वयं परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण करेंगी। एक माह के बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रगति की विस्तृत


## भविष्य के लिए अद्वैत- प्रयागराज महाकुंभ में वैश्विक विमर्श

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रयागराज. दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम प्रयागराज महाकुंभ ऐतिहासिक चर्चा का गवाह बना। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास,संस्कृति विभाग मप्र शासन की ओर से एकात्म धाम मंडपम् में अद्वैत कैसे प्रकृति संरक्षण में अहम घटक है पर आधारित भविष्य के लिए अद्वैत विषय पर चर्चा हुई। प्रसिद्ध पर्यावरणविद और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के पूर्व कार्यकारी निदेशक,नार्वे के पूर्व मंत्री एरिक सोहेम मुख्य वक्तद्म रहे। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रामनाथ झा ने कहा कि वर्तमान पर्यावरणीय और सामाजिक परिदृश्य में अद्वैत केवल एक दार्शनिक मत नहीं, बल्कि एक समग्र दृष्टिकोण है, जो संपूर्ण ब्रह्मांड की एकता को स्वीकार करता है। इस सत्र में, अद्वैत वेदांत के सार्व–भौमिक तत्वों को आधुनिक विज्ञान, पारिस्थितिकी और वैश्विक चुनौतियों से जोड़ा गया।

एरिक सोहेम ने कहा कि मैंने ऐसा दृश्य पहले कभी नहीं देखा ।यह अब तक का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है ।आदि शंकराचार्य ने भारत को शस्त्रों से नहीं, बल्कि अपने अद्वितीय बुद्धिबल से विजय किया। भारत में पशुओं और मनुष्यों के बीच एक अनुपम समरसता विद्यमान है। भगवान गणेश का गजमुख और भगवान हनुमान का वानर शरीर इस समरसता का द्योतक है।

वेदांत के मूल सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में रखते हुए, एरिक सोहेम ने एक अत्यंत प्रासंगिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने उपनिषदों के उन पाँच महत्त्वपूर्ण सिद्धांतों का उल्लेख किया जो अस्तित्व की रचना, उसका पालन, संहार, तथा सर्वोच्च चेतना की सर्वव्यापकता को स्पष्ट करते हैं। इन सिद्धांतों के अनुसार, संपूर्ण सृष्टि शक्ति और चेतना का ही विस्तार है।

## भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक -राज्य मंत्री लोधी




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि राष्ट्र के विकास और प्रगति में पर्यटन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारे महान देश का पर्यटन की दृष्टि से दुनिया में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। हमारा देश सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और पुरातात्विक दृष्टि से समृद्ध है। राज्य मंत्री श्री लोधी बर्सिलोना स्पेन में पर्यटन के रोड–शो कार्यक्रम में टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट्स, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मैं भारत के मध्य में स्थित प्रांत देश के हृदय प्रदेश %मध्यप्रदेश% से हूँ।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि जिस तरह हृदय सम्पूर्ण शरीर में ऊर्जा का प्रवाह करता है, उसी तरह भारत की आध्यात्मिक और दार्शनिक संस्कृति का मार्ग भी मध्यप्रदेश से होकर गुज़रता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पर्यटन के क्षेत्र में हमारा देश और प्रदेश निरंतर उच्च मापदंडों को स्पर्श कर रहा है। भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक है। हमारी संस्कृति दुनिया की एक मात्र संस्कृति है, जो वसुधैव कुटुंबकम्‌ की बात करती है, सम्पूर्ण विश्व को अपना परिवार मानती है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि हमारी संस्कृति न केवल मानव जाति के कल्याण की, अपितु बल्कि सम्पूर्ण जगत के कल्याण की बात करती है। हमने आज भी अपने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक मूल्यों को न केवल अक्षुण रखा है, बल्कि उसे सम्पूर्ण विश्व में प्रसारित भी किया है।

## मेक इन इंडिया के मिशन को साकार करने में अधिकारी अपनी ऊर्जा लगाएं–मंत्री काश्यप



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने बुधवार को एमएसएमई विभाग के नवनियुक्त सहायक संचालक, प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधकों से कहा है कि वे राज्य सरकार की मंशा अनुरूप मेक इन इंडिया के मिशन को साकार करने में अपनी ऊर्जा लगाएं ।मंत्री श्री काश्यप विभागीय परिचयात्मक प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे ।कार्यक्रम को उद्योग आयुक्त श्री दिलीप कुमार और सेडमैप के कार्यकारी निदेशक श्री अम्बरीष अधिकारी ने भी संबोधित किया।

मंत्री श्री काश्यप ने सभी नवनियुक्त सहायक संचालकों एवं प्रबंधकों को बधाई देते हुए अपने नए दायित्व के साथ विभाग एवं स्वयं की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सकारात्मक रूप से योजनाबद्ध कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके ज्ञान में वृद्धि कर सकता है लेकिन अपने व्यवहार को हमें स्वयं ही उत्कृष्ट बनाना होगा ।नव उद्यमियों के प्रति हमारा व्यवहार सदैव उदार एवं सहायक हो और उन्हें सरकार की हर नीतियों का लाभ सुनिश्चित रूप से मिल सके।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि आपके पास नौकरी के माध्यम से यह देश सेवा का एक सुनहरा अवसर है। उद्यमशीलता के माध्यम से हम सब मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के माध्यम से हमारी सरकार में वृहद रूप में रोजगारों का सृजन हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम मध्यप्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वर्तमान उद्योगपतियों को ताकत प्रदान कर रहे है साथ ही नए उद्यमियों को प्रोत्साहित कर उन्हें प्रदेश में अपना उद्योग शुरू करने हेतु विभिन्न प्रोग्राम चला रहे हैं।

मंत्री श्री काश्यप ने डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया पर जोर देते हुए एमएसएमई विभाग में नई कार्य योजना बनाने की बात कही है।

# निगम की जमीन से हटा अवैध कब्जा

## रिलायंस चौराहे पर कार्रवाई, अधिकारी बोले- दोबारा अतिक्रमण होने पर सामान जब्त होगा

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में नगर निगम ने गुरुवार को रिलायंस चौराहे के पास निगम की खाली जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया। यह कार्रवाई एसडीएम सृजन वर्मा के निर्देश पर की गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों को होने वाली परेशानी के मद्देनजर एसडीएम ने नगर निगम को पत्र लिखा था।

निगम आयुक्त डीके शर्मा के आदेश पर अतिक्रमण प्रभारी प्रवीण गोस्वामी ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध बस्तियों को हटाया। अतिक्रमणकारियों को उचित स्थान पर दुकान लगाने के निर्देश दिए गए



हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर कोई दोबारा अतिक्रमण करेगा तो उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को स्वयं कब्जा हटाने की चेतावनी दी है, नहीं तो निगम कड़ी कार्रवाई करेगा।

इस कार्रवाई के दौरान सहायक यंत्री डीके सिंह, आलोक तिरु, उप यंत्री विशाल खत्री, इंद्र देश यादव, जितेंद्र विष्णु पाल, अमिताभ यादव, स्वच्छता निरीक्षक विशाल सोनी सहित नगर निगम का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा।

# ट्रांसफर के बावजूद गोपद बनास में बनी हुई हैं तहसीलदार

## शिवसेना ने कमिश्नर के नाम सौंपा ज्ञापन, कहा- गरीबों के खिलाफ फैसले ले रहीं

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** गोपद बनास की तहसीलदार जाह्नवी शुक्ला के खिलाफ शिवसेना ने गुरुवार शाम को संभाग कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि जाह्नवी शुक्ला का तबादला 23 अक्टूबर 2023 को सीधी से सिंगरौली जिले के लिए हो गया था, लेकिन तीन महीने बाद भी वे अपना पद नहीं छोड़ रही हैं।



शिवसेना ने आरोप लगाया कि तहसीलदार गरीब परिवारों के विरुद्ध सांठगांठ कर फैसले कर रही हैं। कई पीड़ितों ने मीडिया के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है। इसके अलावा सीधी जिले के 18 पटवारियों का ट्रांसफर 14 जून 2023 को किया गया था, लेकिन कई पटवारी अभी भी शासन के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। शिवसेना का आरोप है कि यह सब तहसीलदार जाह्नवी शुक्ला के संरक्षण में हो रहा है।

ज्ञापन सौंपते समय शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे, संभाग उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा, संभाग संयोजक संत कुमार केवट, जिला मंत्री सुनील रावत, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान, नगर सहसंयोजक राजन मिश्रा, राजीव मिश्रा, गोपाल टांडिया और आशीष चौहान प्रमुख रूप से शामिल थे। शिवसेना ने मांग की है कि तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त किया जाए।

## राजस्थान में चार दोस्तों का अपहरण, 20 लाख फिरौती मांगी

# खाटू श्याम जाते समय रास्ता पूछने पर बनाया बंधक, यूपीआई ट्रांजैक्शन से पकड़ाए 4 अपहरणकर्ता

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर पुलिस ने गुरुवार शाम को एक अपहरण का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि नौगांव थाना पुलिस ने राजस्थान के अलवर से चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने खाटू श्याम दर्शन करने जा रहे चार दोस्तों को बंधक बना कर 20 लाख की फिरौती मांगी थी। अपहरणकर्ताओं ने पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।



एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने बताया कि 27 जनवरी (सोमवार) को नौगांव निवासी सुरेश सोनी ने अपने भाई रमेश सोनी और उनके दोस्तों के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रास्ता भटकने पर आरोपियों ने चारों दोस्तों को एक सुनसान कच्चे मकान में बंधक बना कर कैद कर लिया था।

**यूपीआई में पैसे ट्रांसफर कर बदमाशों को ढूंढा:** पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य जुटाए और आरोपियों के यूपीआई खातों में पैसे ट्रांसफर कर उनका पता लगाया।अलवर पुलिस के सहयोग से भजेड़ा गांव के एक सुनसान कमरे से चारों बंधकों- रमेश सोनी, राजकुमार सोनी, अनिल राजपूत और ओम शुक्ला को सकुशल छुड़ाया गया।

**घटना को अंजाम देने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार:-**

1. मोहन सिंह पिता मुसद्दी सिंह ओड़ राजपूत उम्र 24 वर्ष निवासी भजेड़ा गांव, जिला अलवर
2. मुसद्दी सिंह पिता धर्मचन्द्र ओड़ राजपूत उम्र 56 वर्ष निवासी भजेड़ा गांव, जिला अलवर
3. जफर खान पिता इब्राहिम खान उम्र 38 वर्ष निवासी भजेड़ा गांव, जिला अलवर
4. जगदीश प्रसाद पिता सुन्दरलाल उम्र 28 वर्ष निवासी बाड़ीबांस निकच, जिला अलवर

**2.95 लाख की संपत्ति बरामद:** पुलिस ने आरोपियों से 1.75 लाख रुपए नकद और पीड़ितों के तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन (कीमत 1.20 लाख रुपए) बरामद किए हैं। कुल बरामदगी 2.95 लाख रुपए की हुई है। सभी आरोपियों को नौगांव न्यायालय में पेश किया गया है और मामले की जांच जारी है।

# जेके सीमेंट प्लांट हादसा, 4 मौत, 15 घायल

## निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरा, 100 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। मौके पर पहुंचे कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि घटना में 4 लोगों की मौत हुई है। इनके शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। रावत ने 15 मजदूर घायल होने की पुष्टि भी की है। डीआईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि चार मृतकों में तीन बिहार के रहने वाले हैं और एक पन्ना जिले के सिमरिया का रहने वाला है।



**हादसे में इनकी गई जान:-** अंसार आलम (उम्र 34 वर्ष) निवासी पूर्णिया बिहार, मसूद (उम्र 36 वर्ष) पिता नसरूदीन, निवासी पूर्णिया बिहार, रोहित खरे (उम्र 32 वर्ष), निवासी सिमरिया पन्ना, मुस्फिर (उम्र 36 वर्ष), निवासी पूर्णिया बिहार

**मृतकों को 18-18 लाख रुपए देका प्लांट प्रबंधन:** प्लांट का दौरा कर लौटे अधिकारियों ने बताया कि मृतकों को प्लांट प्रबंधन की तरफ से 18-18 लाख रुपए दिए जाएंगे। घायलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही कटनी के अस्पताल में सभी का इलाज किया जा रहा है। जब तक घायल मजदूर पूर्ण रूप से स्वस्थ्य नहीं हो जाते तब तक प्रबंधन की तरफ से इलाज करवाया जाएगा। सभी को पूरी सैलरी भी दी जाएगी।

प्रथम दृष्टया कारण के विषय में उन्होंने बताया कि बिल्डिंग की सेविंन फ्लोर की बीम से सैटरिंग गिरी थी। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। प्रशासन की तरफ से जांच टीम बनाई गई है। जो यहां पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जो दोषी पाया जाएगा, उस पर पर कार्रवाई की जाएगी।

**कुछ घायलों को कटनी जिला अस्पताल लाया गया:** एएसपी आरती सिंह ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। कई घायल मजदूरों को नजदीकी कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, मलबे में दबे कई मजदूरों को निकालने की कोशिश की जा रही है। हादसे में तीन घंटे बाद भी प्रशासन और प्रबंधन की तरफ से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी जा रही है। प्लांट का मेन गेट बंद कर दिया गया है। प्लांट के अंदर केवल प्रशासन और कर्मचारियों के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम है। पन्ना एसपी साईं कृष्ण एस थोटा ने बताया, पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है।

**प्लांट में 100 से ज्यादा मजदूर कर रहे थे काम:** प्लांट के अंदर से मिली जानकारी के अनुसार, निर्माणाधीन बिल्डिंग पांच मंजिला है। इस सेक्टर में करीब 100 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ये सभी यूपी, बिहार, झारखंड और मध्यप्रदेश के जिलों के रहने वाले हैं। अभी पांचवी मंजिल का रेस्क्यू पूरा हो गया है। एसडीआरएफ की टीम एक-एक कर सभी मंजिलों का रेस्क्यू कर रही है। अंदर के पांचों गेट बंद कर दिए गए हैं। घटना के करीब 4 घंटे बाद भी प्लांट प्रबंधन ने कोई जानकारी नहीं दी है।

पन्ना हादसे पर खजुराहो सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा, घटना के विषय में जिला प्रशासन से बात की गई है। हादसे में तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। घायलों को समुचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को व्यवस्था करने को कहा गया है।

**3 से 4 लोग ऊपर की मंजिल पर सरिया में फंसे थे:** प्रत्यक्षदर्शी रामेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि, मैं सुबह साढ़े 8 बजे ड्यूटी आया था। मैं सीसीआर लैब में सैंपल बॉय के रूप में काम करता हूं। मुझे सुबह 10.30 बजे लैब के अंदर आवाज आई। हम लोग बाहर निकले तो देखा हादसा हो गया था। 3 से 4 लोग ऊपर की मंजिल में सरिया में फंसे थे, उनकी मौत हो गई थी। वहां से सुपरवाइजर और कंपनी के मेंबर ने हम लोगों को प्लांट के बाहर कर दिया है, वहां डेडबॉडी का पता नहीं चल पाया है। हम लोग प्लांट के बाहर खड़े हैं।

रामेंद्र ने बताया कि हम लोगों को अब अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। मेरा साथी जो कुम्हारी से है, जिसे हम लोग जानते थे। उसका नाम रोहित खरे है। उसकी मौत हो गई है। डेडबॉडी नहीं मिली है। मैंने देखा 10-15 लोग नीचे घायल पड़े थे, जबकि 3-4 लोगों की मौत हो गई थी, जो छत पर लटके थे। 30-35 लोग घायल है।

# प्रेमी संग फरार हुई 4 बच्चों की मां

## दिल्ली से लौटा दंपती, पति को बच्चों के साथ भेजा टॉयलेट, 74 हजार रुपए लेकर भागी

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में चार बच्चियों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। घटना गुरुवार की सुबह 5 बजे छतरपुर बस स्टैंड पर हुई, राजाराम श्रीवास अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दिल्ली से अपने गांव लौट रहा था। राजाराम की शादी 2011 में रामदेवी से हुई थी।



दंपती की चार बेटियां हैं, जिनमें से दो दादा-दादी के पास गांव में और दो दिल्ली में रहती थीं। राजाराम पिछले 9 सालों से दिल्ली में मजदूरी कर रहा था। उसकी पत्नी रामदेवी का पिछले 5 सालों से सुनील श्रीवास नाम के रिश्तेदार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो दिल्ली में ही मजदूरी करता था।

**24 हजार रुपए नगद ले उड़ी, खात में भी थे 50 हजार:** घटना के दिन जब परिवार बस से छतरपुर पहुंचा, तो रामदेवी ने पति को बच्चों को टॉयलेट ले जाने के लिए कहा। जब राजाराम बच्चों के साथ लौटा, तो पाया कि उसकी पत्नी सुनील के साथ फरार हो गई थी। साथ में वह 24 हजार रुपए नकद और अपने खाते में रखे 50 हजार रुपए भी ले गई।

**मायके में संपर्क किया, माता-पिता बोले- उनके लिए मर चुकी है:** पति ने पत्नी के मायके में संपर्क किया, जहां से उसके माता-पिता ने कहा कि उनकी बेटी उनके लिए मर चुकी है और वह वहां नहीं आई है। राजाराम ने शाम 5 बजे सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने कहा कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। राजाराम का कहना है कि वह अपनी बेटी की शादी के लिए पैसे जमा कर रहा था, जो अब उसकी पत्नी लेकर भाग गई है।

# हाईटेंशन लाइन का तार चुराकर बना देते थे बर्तन

## आईटीआई पास 2 युवकों ने बनाया 7 लोगों का गिरोह, जंगल से 50 लाख का माल बरामद

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल पुलिस ने एक ऐसे चोर गिरोह को पकड़ा है, जो हाईटेंशन लाइन के तारों को चुराता था। फिर इन्हें कबाड़ियों को बेच देता था। कबाड़ी इन तारों को गलाकर बर्तन बनाते थे। इन्हें बाजार में बेच दिया जाता था। गिरोह के दोनों सरगना आईआईटी पास हैं, जो शौक पूरा करने और कर्ज चुकाने के लिए वारदातों को अंजाम देते थे।





खैरहा थाना पुलिस ने गुरुवार को गिरोह के सात सदस्यों समेत दो कबाड़ियों को भी गिरफ्तार किया है। इन्होंने दो साल में 10 हजार मीटर से ज्यादा तार चोरी किए हैं। ये रात 12 बजे से तड़के 4 बजे के बीच सुनसान जंगल में 11 केवी की लाइन को काट लेते थे। इनके कब्जे से 50 लाख रुपए से ज्यादा कीमत का तार बरामद किया गया है।

**बिजली फॉल्ट करने और तार काटने में माहिर:** टीआई दिलीप सिंह ने बताया- गिरोह के सरगना फुंदेलाल बैगा अनूपपुर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईआईटी) से मशीनिस्ट और लल्ला बैगा बेनिबारी आईटीआई से वेल्डर ट्रेड से पढ़ाई कर चुके हैं। 11 हजार केवी की बिजली को फॉल्ट कर कैसे बंद करना है और बिना खंभे पर चढ़े तार कैसे काटना है, इसमें दोनों माहिर हैं।

इनके अलावा लल्ला बैगा (32), फुंदेलाल बैगा (25), दीपक कुमार चक्रवैस (34), नीरज बैगा (19), संजू बैगा (28), गुरु प्रसाद बैगा (22) और अनिल बैगा (21) को गिरफ्त में लिया गया है।

**रेलवे में चोरी की वारदात से मिला सुराग:** टीआई दिलीप सिंह ने बताया- शहडोल जिले के खैरहा, सिंहपुर, बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई समेत कई इलाकों में 11 केवी बिजली लाइन कटने की शिकायतें मिल रही थीं। चोर इतने शातिर थे कि वे जंगल में जाकर तार काटते थे। इसके चलते कोई सुराग नहीं मिल पाता था।

पुलिस को जानकारी मिली कि रेलवे संपत्ति चोरी के केस में अनूपपुर जिले के तुम्मीवर गांव के कुछ लोग गिरफ्तार किए गए हैं। यह गांव शहडोल जिले के खैरहा थाना क्षेत्र से लगा हुआ था। तार काटने वाले गिरोह का पहला सुराग यहीं से मिला। इसके बाद पुलिस लगातार तुम्मीवर गांव में रेकी करने लगी। इसके बाद पुलिस को एक-एक कर सभी सदस्यों की जानकारी मिलती गई।

**तार काटने रात 12 बजे पहुंचते थे जंगल:** गिरोह रात 12 बजते ही जंगल में पहुंच जाता था। एक छोर पर लल्ला बैगा तो दूसरे छोर पर फुंदेलाल बैगा बिजली तार काटने का काम करते थे। दोनों अपनी-अपनी जगह पर नायलोन के रस्से में कपड़ा लपेट कर तार पर फेंकते और सभी फेस के तार एक साथ खींचकर आपस में मिला देते थे। इससे शॉर्ट सर्किट हो जाता था। बिजली बंद होने पर कटर और गड़ासे से तार को काट लेते थे। यह काम आरोपी सुबह 4 बजे के पहले पूरा कर लेते थे।

**4 बजते ही दूसरी टीम होती थी सक्रिय:** तार काटकर गिराने के बाद गिरोह की दूसरी टीम सक्रिय होती। यह टीम करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में गिरे तार का बंडल बना देती। बंडल बनते ही आसपास खड़ा लोडिंग वाहन जंगल में आता। जिसमें भरकर इस तार को बुढ़ार और अमलाई में दो कबाड़ियों के पास पहुंचा दिया जाता था।

पुलिस ने बताया कि इस काम में भी आरोपियों ने टाइम लिमिट सेट कर रखी थी। सुबह 5 बजे के पहले किसी भी हालत में तार के बंडल को कबाड़ियों तक पहुंचा दिया जाता था।

**बिजली के तार से बना देते थे बर्तन:** थाना प्रभारी ने बताया कि बुढ़ार के लाला ताम्रकार और अमलाई के बस स्टैंड के पास गुलाम हुसैन उर्फ राजा कबाड़ी के पास तार पहुंचाया जाता था। ये दोनों तार को गलाकर बर्तन बनाते थे, फिर बाजार में बेच देते थे।

पुलिस ने बताया कि लाला ताम्रकार का एक बेटा विदेश में है जबकि दूसरा रेलवे में था। उसने नौकरी छोड़ दी है। जांच में इस तार चोरी का कनेक्शन जबलपुर और सतना से भी जुड़ रहा है।

**कबाड़ी ने जंगल में छिपा दिया था सामान:** पुलिस जब तार खरीदने वाले कबाड़ियों को पकड़ने गई, तब लाला ताम्रकार ने तार गलाने का सामान जंगल में छिपा दिया। पुलिस आरोपी को लेकर जंगल पहुंची तो वहां का नजारा देखकर हैरान रह गई। तार गलाने के लिए चीनी मिट्टी का घरिया, हाथ पंखा, लोहे की करछुल, कई प्रकार के सांचा, पंखा समेत दूसरे उपकरण बोरी में रखे मिले।

आरोपियों ने बताया कि उन्होंने रेलवे की कई संपत्तियों को भी खरीदा है। इसे भी गलाकर बर्तन बनाए और बाजार में बेच दिए।

**गिरोह पर 50 से ज्यादा एफआईआर दर्ज:** फुंदेलाल और लल्ला बैगा ने पुलिस को बताया कि वे अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी करते थे। उनके घर के सदस्यों ने एक समूह से कुछ कर्ज भी लिया था। तार काटने के बाद उससे मिले पैसे जब इनके पास खत्म हो जाते थे, तब ये अगली वारदात को अंजाम देते थे।

शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले में बिजली तार चोरी की 50 से ज्यादा एफआईआर दर्ज हैं, इनमें से अधिकांश को इसी गिरोह ने अंजाम दिया है।

## शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को ठीक प्रातः 11 बजे से दो मिनट का मौन रखा गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सायरन बजते ही प्रातः 11 बजे से अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। इसके अलावा संपूर्ण जिले में दो मिनट के लिए गतिविधियां रोक कर जो व्यक्ति जहां भी रहे, उन्होंने वहां शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों का स्मरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरकारी कर्मचारियों से अभद्रता और दस्तावेज छीनने का प्रयास

## लैम्प्स चन्नौडी में धान बिक्री को लेकर विवाद, दो लोगों पर केस दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में स्थित आदिम जाति सहकारी सेवा समिति (लैम्प्स) चन्नौडी में दो व्यक्तियों ने सरकारी काम में बाधा डालने के साथ-साथ कर्मचारियों से अभद्रता की और सरकारी दस्तावेज छीनने का प्रयास किया।

मामले में कृष्ण कुमार मिश्रा और विकास पांडेय के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना की शुरुआत तब हुई, जब कृष्ण कुमार मिश्रा धान बेचने लैम्प्स चन्नौडी पहुंचे। धान की खरीद के बाद उन्हें नियमानुसार रसीद दी गई, लेकिन उन्होंने एक बोरी धान की रसीद कम होने का आरोप लगाते हुए कर्मचारी कमलेश श्रीवास्तव से दुर्व्यवहार किया।

इसके बाद मिश्रा ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। शहडोल से दो सदस्यीय जांच टीम मौके पर पहुंची तो मिश्रा अपने साथी विकास पांडेय के साथ वहां आए। दोनों ने न केवल कर्मचारियों से अभद्रता की, बल्कि जांच टीम पर भी आरोप लगाए और सरकारी दस्तावेजों को छीनने का प्रयास किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कर्मचारी कमलेश श्रीवास्तव ने बुढ़ार थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच टीम ने मामले को जिला कलेक्टर के संज्ञान में लाने की बात कही है।

# महिला का शव फंदे पर लटका मिला

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी के कमर्जी में ग्राम चिल्लरी में एक महिला का शव घर में फंदे पर लटका मिला है। घटना गुरुवार दोपहर 3 बजे की है।


मृतक अर्चना पाल के पति नागेंद्र पाल ने बताया कि वह घर पर काम कर रही थी। कोई झगड़ा भी नहीं हुआ। न ही उसे कोई बीमारी थी। वह सामान्य दिनों की तरह आज भी थी। लेकिन फिर उसने ऐसा क्यों किया यह अभी तक स्पष्ट नहीं है।

थाना प्रभारी पवन सिंह ने कहा, महिला का अंतिम संस्कार शाम होने से पहले किया जाना था। इसलिए परिजन के बयान नहीं लिए हैं। कल शुक्रवार को परिवार वालों से बात कर बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस सभी पहलुओं पर घटना की जांच कर रही है। मौके पर भी जाकर निरीक्षण किया गया है।

# अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव 3 से, योग से लेकर लेजर शो का दिखेगा नजारा, 3 दिन चलेंगे धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में आगामी 3 से 5 फरवरी 2025 तक नर्मदा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अनूपपुर जिले में होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और साहसिक गतिविधियों का अनूठा संगम होगा।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने



बताया कि महोत्सव की शुरुआत 3 फरवरी को सुबह 7 बजे मैकल पार्क में योगाभ्यास से होगी। इसके बाद सुबह 10 बजे मां नर्मदा मंदिर से दीनदयाल चौक तक भव्य शोभायात्रा निकलेगी। दोपहर 1 बजे से मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन शुरू होगा और दोपहर 2 बजे रामघाट पर महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा।

इस वर्ष के महोत्सव में विशेष आकर्षण टेंट सिटी और पहली बार होने वाला लेजर लाइट शो होगा। शाम 6:30 बजे रामघाट पर महाआरती के साथ लेजर शो का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 4 फरवरी को नर्मदा जयंती पर विशेष पूजन, हवन और कन्या भोज का आयोजन होगा, जिसमें प्रख्यात कलाकार हंसराज रघुवंशी अपनी प्रस्तुति देंगे।

यह महोत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन से अमरकंटक की अंतरराष्ट्रीय पहचान को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।


## नाम सुधार सूचना

मैं रागिनी करोसिया पिता स्व0 बच्चूराम (बच्चूराम करोसिया) निवासी वार्ड नं. 19. कन्या स्कूल घोघर रीवा, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा (म0प्र0) की निवासी हूँ, मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम इश्योरेंस पॉलिसी क्रमांक 337318737 है, जिसमे मेरा घर का चलतू नाम शिल्पी करोसिया दर्ज हो गया है जो गलत है जबकि समस्त शासकीय अभिलेखों तथा शिक्षा की अंकसूचियों, आधार कार्ड इत्यादि में मेरा नाम रागिनी करोसिया दर्ज है जो सही है अतः उक्त मेरी पालिसी क्रमांक 337318737 मे मेरा नाम शिल्पी करोसिया के स्थान पर सही नाम रागिनी करोसिया दर्ज किया जाय व माना जाय।

**सूचनादाता**
**रागिनी करोसिया**

# विचार

## जातीय जनगणना की मांग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना कराए जाने की मांग को दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद किसी भी कीमत जातीय जनगणना करवा कर रहेगी। पटना में %संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि इस बाबत उन्होंने संसद में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में स्पष्ट कहा है कि संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी नहीं करने दी जा सकती। राहुल आरोप लगा चुके हैं कि भाजपा और आरएसएस यह कृत्य कर रहे हैं। यह भी आरोप लगा चुके हैं कि संघ प्रमुख मोहन भागवत का सच्ची आजादी' वाला बयान देश के संविधान के खिलाफ है'। बेशक, आर्थिक प्रगति में समाज के हर हिस्से की भागीदारी होना जरूरी है। इसी से समावेशी समाज की परिकल्पना मूर्ताकार हो सकती है, लेकिन हकीकत यह है कि समाज का एक बड़ा हिस्सा प्रगति में हिस्सेदार नहीं बन सका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भी इस तरफ ध्यान दिलाया है। दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिए पर रह रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसद हैं, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं..यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं' यह ध्यान दिलाते हुए राहुल ने बिहार में की गई जाति आधारित गणना को %फर्जी' करार दिया। कहा कि यह लोगों को बेवकूफ बनाने वाली है।' ऐसा है तो राहुल को सबसे पहले कांग्रेस शासित राज्यों और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार शासित राज्य में भी जाति आधारित जनगणना कराई जानी चाहिए।

बिहार में जातीय गणना की गई थी न किी जातीय जनगणना, लेकिन इस तकनीकी पचड़े में न भी पड़ें तो इतना तो साफ है कि जातियों और समुदायों की वास्तविक संख्या का आंकड़ा न होने पर उनके लिए कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाओं का क्रियान्वयन बेमानी रहता है, और ऐसा होता भी रहा है।

शायद यह भी कारण रहा देश की संपत्ति में इन जातीय समूहों की हिस्सेदारी का आकलन आज भी हमारे पास नहीं है। कहना न होगा कि जातीय गणना या जातीय जनगणना-भले ही जो भी कहें-से ही हमें उन समूहों की सटीक संख्या मिल सकेगी जिन्हें लक्षित करके योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की जा सकेंगी। समावेशी विकास तभी सुनिश्चित हो सकेगा।

# क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा?

**ललित गर्ग**

**केंद्रीय विामंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण विाीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेटर की बड़ी उमीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैसपेयर्स भी इस बार विामंत्री से इनकम टैस में राहत देने की उमीद कर रहा है। मिडिल-लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उमीद है। विामंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा।**



संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है।

यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोज़गार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं।

बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। 卐मेक इन इंडिया卐 पहल के तहत स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। साइबर खतरों से निपटने के लिए रक्षा बजट का एक हिस्सा डिजिटल सुरक्षा पर केंद्रित हो सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजनाओं और रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को गति दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी और बैटरी निर्माण में निवेश बढ़ाने की योजनाएं पेश की जा सकती हैं। 卐गरीब कल्याण अन्न योजना卐 का विस्तार कर मुफ्त राशन वितरण को जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा।

यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी के विजन में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के बजट से क्या-क्या निकलता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 12 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक विकास दर से दौड़ने की अपेक्षा है। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निजी बचत को बढ़ाये बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं।


एक फरवरी को होने वाली आर्थिक घोषणाओं को चाहे जो नाम दिया जाये, उनसे वह दशा एवं दिशा स्पष्ट होनी चाहिए कि भविष्य के लिये हम कौनसी राह पकडने वाले हैं। हम किस तरह से आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये प्रतिबद्ध होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से हम किस तरह से मील का पत्थर साबित होंगे। किस तरह से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आयेगा वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला साबित होगा, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा।

# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।' मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद



नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।

मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी 卐मेक इन इंडिया卐 का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है।

# कांग्रेस मेयर प्रत्याशी प्रमोद की आपत्ति खारिज

## बीजेपी प्रत्याशी पूजा की जाति प्रमाण-पत्र पर जताया था ऐतराज, चुनाव अधिकारी बोले-यह छानबीन समिति का मामला

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर नगर निगम में भाजपा की महापौर प्रत्याशी एल. पद्मजा उर्फ पूजा विधानी के जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताने के आरोप को रिटर्निंग आफिसर ने खारिज कर दिया है। इसके साथ ही पूजा विधानी के चुनाव मैदान में बने रहने का रास्ता साफ हो गया है।






पीठासीन अधिकारी ने कहा कि, चूंकि जाति का मामला छानबीन समिति का है और आपत्ति के साथ कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। इसलिए आवेदन खारिज किया कर दिया गया है। बता दें कि, कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद नायक ने उनकी जाति प्रमाण-पत्र पर आपत्ति जताते हुए नामांकन निरस्त करने की मांग की थी।

बुधवार को पूजा विधानी की जाति का मामला पूरे दिन गरमाया रहा। नामांकन पत्र खारिज होने से लेकर भाजपा के प्रत्याशी चयन को लेकर लोग सवाल उठाते रहे। दरअसल, नगर निगम में मेयर का पद ओबीसी के लिए आरक्षित होने के बाद भाजपा ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के करीबी अशोक विधानी की पत्नी पूजा विधानी को प्रत्याशी बनाया है।

उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही इनकी जाति को लेकर तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है। मूल रूप से दक्षिण भारतीय एल.पद्मजा को प्रत्याशी बनाने को कांग्रेस ने मुद्दा बना लिया है।

इधर, कांग्रेस ने कुर्मी समाज से प्रमोद नायक को टिकट दिया। नायक ने भाजपा प्रत्याशी पद्मजा के जाति प्रमाण पत्र को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की थी। उन्होंने पद्मजा के जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताते हुए कहा कि वे तेलंगाना राज्य से हैं और तेलगु हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग की पात्रता नहीं है। उनके पिता एल. नारायण राव बिलासपुर में रेलवे में ड्राइवर के पद पर थे। वे सामान्य जाति के थे।

**कांग्रेस उम्मीदवार ने इस आधार पर जताई आपत्ति:** नगर पालिका निगम चुनाव 2025 के गाइड लाइन में प्रारूप 3 में स्पष्ट रूप से लिखा है कि, छत्तीसगढ़ राज्य का पिछड़ा जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। ओबीसी आरक्षण का लाभ उन्हीं को मिलेगा, जो छत्तीसगढ़ में पैदा हुए हैं। अन्य राज्यों में पैदा हुए लोगों को छत्तीसगढ़ राज्य में ओबीसी का प्रमाण पत्र नहीं दिया जा सकता।

एल.पद्मजा ओबीसी नहीं हैं, उनके पास कलेक्टर द्वारा जारी प्रमाण पत्र नहीं है। रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर आरए कुरुवंशी ने उन्हें शाम 5 तक की गई आपत्ति के संबंध में प्रमाण प्रस्तुत करने कहा। शाम को जब कांग्रेस के अधिवक्ता प्रदीप राजगीर पहुंचे, तो रिटर्निंग ऑफिसर ने उनसे आपत्ति किए जाने का आधार मांगा। आधार नहीं होने पर यह कहते हुए आपत्ति खारिज कर दी गई कि जाति प्रमाण पत्र का मामला छानबीन समिति का होता है। वे कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके, इसलिए आपत्ति खारिज की जा रही है।

**एडवोकेट बोले- भाजपा पदाधिकारी की तरह किया व्यवहार:** कांग्रेस की आपत्ति खारिज होने के बाद पार्टी के एडवोकेट प्रदीप राजगीर ने रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर आरए कुरुवंशी पर भाजपा के पदाधिकारी की तरह व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे कुर्सी पर कोई अफसर नहीं, भाजपा के पदाधिकारी बैठे हैं। उन्होंने कहा कि बिना सुने ही आपत्ति को खारिज कर दिया गया।

स्पष्ट है कि अधिकारी दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 27 जनवरी को भाजपा प्रत्याशी एल. पद्मजा द्वारा जमा किया गया नामांकन फॉर्म, पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र और शपथ पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि की मांग की थी, लेकिन जाति प्रमाण पत्र नहीं दिया। अधिकारी ने दूर से जाति प्रमाण पत्र दिखाया। जाति प्रमाण पत्र नहीं देने से भी लगता है कि प्रमाण पत्र फर्जी है।

**जाति प्रमाणपत्र विवाद को लेकर कांग्रेस जा सकती है हाईकोर्ट:** कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी प्रमोद नायक, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया है कि जिस अधिकारी ने जाति प्रमाणपत्र जारी किया है, उसके खिलाफ शिकायत कर एफआईआर कराई जाएगी। फिलहाल, नामांकन खारिज होने के बाद कांग्रेस अब भाजपा प्रत्याशी पूजा विधानी की जाति प्रमाणपत्र के विवाद को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सकती है।

विधायक श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा ने जिसे मेयर का टिकट दिया है, उनकी बहन सामान्य जाति की हैं, जबकि वह खुद को ओबीसी बता रही हैं और इसका प्रमाण पत्र उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

# शहीदों की स्मृति में जिले भर में रखा गया दो मिनट का मौन



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** भारत की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शहीद दिवस मनाया गया। सामान्य प्रशासन विभाग और भारत सरकार के गृह मंत्रालय के स्थायी निर्देशों के तहत, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में श्रद्धांजलि दी गई। 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि होती है। वही शहीद दिवस साल में दो बार मनाया जाता है, पहला 23 मार्च 1931 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी। 23 मार्च को अमर शहीद दिवस मनाते हैं।

इस दिन इन तीनों शहीदों की शहादत को याद किया जाता है। और दूसरा 30 जनवरी को यह दोनों दिन उन वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी और समृद्धि में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस अवसर पर कलेक्टर न्यायालय सहित जनसम्पर्क विभाग, खनिज विभाग, निर्वाचन शाखा, महिला एवं बाल विकास विभाग, विपणन विभाग, राज्य खाद्य आपूर्ति निगम, खाद्य विभाग, उद्योग विभाग, आबकारी विभाग, आदिम जाति विभाग, सांख्यिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग समेत अन्य शासकीय कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखा गया। सुबह 11:00 बजे पूरे जिले में दो मिनट के लिए सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों की गतिविधियाँ रोक दी गईं । इस दौरान मौन की शुरुआत और समाप्ति की सूचना सायरन के माध्यम से दी गई।

इस कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने शहीदों को नमन किया और राष्ट्र के प्रति उनकी अप्रतिम सेवा और बलिदान को याद किया। शहीद दिवस के इस अवसर पर सभी ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# स्कूलों के टाइम टेबल में हुआ 8 तक बदलाव



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में पड़ रहे अत्यधिक ठंड के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 27 नवम्बर 2024 से निम्नानुसार जिले के समस्त शालाओं(शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त शालाओं) के संचालन हेतु 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित किया गया था। वर्तमान में अत्यधिक ठंड को दृष्टिगत रखते हुए उक्त आदेश को 8 फरवरी 2025 तक यथावत रखा गया है। दो पाली में संचालित होने वाली शालाएं-प्रथम पाली सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 बजे से 12:30 बजे तक, दो पाली में संचालित होने वाली शालाएं -द्वितीय पाली सोमवार से शनिवार अपरान्ह 12:45 बजे से 4:15 बजे तक तथा एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं- सोमवार से शनिवार प्रातः 10:30 बजे से 03:30 बजे तक संचालित होंगी।

# भिलाई कार ब्लास्ट का आरोपी निकला कंप्यूटर इंजीनियर

## कार मालिक से पत्नी का अवैध संबंध का शक, उसकी कंपनी में असिस्टेंट-मैनेजर है महिला : पुलिस

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** भिलाई में कार बम ब्लास्ट का आरोपी कार मालिक की कंपनी में काम करने वाली महिला का पति निकला। उसे उसकी पत्नी और मालिक के बीच अवैध संबंध का शक था। इसके चलते सबक सिखाने के लिए उसने उसकी कार में बम लगाकर रिमोट से उड़ा दिया। आरोपी देवेंद्र सिंह कंप्यूटर इंजीनियर है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने घटना के बारे में बताया कि 28 जनवरी की शाम महोबिया बिल्डर्स के संचालक प्रकाश महोबिया के भांजे संजय बुंदेला की कार में किसी ने सुतली बम के बारूद से धमाका किया था। संजय बुंदेला की शिकायत पर स्मृति नगर पुलिस चौकी में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कार को फोरेंसिक से जांच करवाई।

**देवेंद्र ने संजय से कहा था पत्नी को नौकरी पर न रखे:** अगले दिन 29 जनवरी को पुलिस को पता चला कि संजय बुंदेला की कंपनी में रामनगर की रहने वाली एक असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। महिला का पति देवेंद्र सिंह अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता है और उस पर संजय बुंदेला के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाता था। मामला दूसरा रूप ना ले इसके चलते महिला को नौकरी से निकाल दिया गया था। बाद में संजय ने महिला की स्थिति पर तरस खाया और उसके कहने पर उसे दोबारा नौकरी पर रख लिया गया। इससे देवेंद्र का शक और बढ़ गया। देवेंद्र ने संजय को कहा था कि वो उसकी पत्नी को नौकरी पर ना रखे। पत्नी पर भी दबाव बनाया था कि वो वहां नौकरी ना करे। जब पत्नी नहीं मानी तो उसने संजय बुंदेला की कार में बारूद फिट कर उसमें ब्लास्ट कर दिया।

**कंप्यूटर इंजीनियर है आरोपी:** पुलिस ने बताया कि आरोपी देवेंद्र कंप्यूटर इंजीनियर है। उसने सुतली बम के बारूद को स्टील की बॉटल में भरकर वायर से कनेक्ट किया। इसके बद उसमें छोटी बैट्री लगाकर उसमें करंट सप्लाई दी।

फिर उस विस्फोटक डिवाइस को खिलौने के रिमोट से कनेक्ट किया। इसके बाद बनाए गए रिमोट बम को संजय बुंदेला की कार में लगा दिया। इसके बाद वहां से दूर गया और रिमोट से विस्फोट कर दिया। धमाका इतना तेज था कि वहां का पूरा एरिया दहल गया था।

**आरोपी ने कबूल किया जुर्म:** पुलिस ने जब देवेंद्र को उसके घर से गिरफ्तार किया तो उसने गोलमोल जवाब दिया। इसके बाद पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने कहा कि उसे संजय और उसकी पत्नी के बीच अवैध संबंध होने की आशंका थी। इसके चलते उसको सबक सिखाने के लिए उसने ऐसा किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**महिला ने पति की शंका को बताया गलत:** इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने महिला, संजय बुंदेला, प्रकाश महोबिया और अन्य कई लोगों से बयान लिया है। महिला खुद बुधवार शाम को स्मृति नगर पुलिस चौकी बयान दर्ज कराने पहुंची थी। उन्होंने पुलिस को दिए बयान में कहा हैं कि संजय और उसके बीच केवल प्रोफेशनल रिश्ते थे। उसके पति को उसने समझाया भी था, लेकिन वो शक कर रहा था।

# महापौर पद हेतु 6, अध्यक्ष पद हेतु 25 तथा पार्षद पद हेतु 423 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर पद हेतु कुल 6 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु 134 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से रामनरेश राय, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से डॉ. विनय जायसवाल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रूकमनी मानिकपुरी के अलावा बबिता सिंह, बलदेवदास, ईस्माइल शेख, प्रेम शंकर सोनी, तथा ठेलाराम 5 अभ्यर्थियों ने निर्दलीय नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगरपालिका परिषद् मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती प्रतिमा पटवा तथा प्रतिमा यादव ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं इण्डियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती प्रभा पटेल तथा आप से श्रीमती हेमलता सोनी नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पालिका परिषद् मनेंद्रगढ़ में 83 पार्षदों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत खोंगापानी अध्यक्ष पद के लिए 5 अभ्यर्थियों इण्डियन नेशनल कांग्रेस से ललिता यादव, भारतीय जनता पार्टी से वंदना लोहार एवं आशा, नोहर बाई यादव, पार्वती सेन ने निर्दलीय से नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं नगर पंचायत खोंगापानी के पार्षद पद के लिए 58 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष पद के 5 अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से विरेंद्र सिंह राणा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से विष्णुदास पनिका तथा देव बहादुर सिंह, संजीवन लाल गोंड, सोनू कुमार केवट ने निर्दलीय से नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं नगर पंचायत नई लेदरी के पार्षद पद के लिए 43 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत झगराखांड अध्यक्ष पद के लिए 3 अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से चम्पा उमेश जायसवाल, रैनी तिवारी तथा इण्डियन नेशनल कांग्रेस से रीमा रमेश यादव ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं नगर पंचायत झगराखांड के पार्षद पद के लिए 46 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत जनकपुर अध्यक्ष पद के लिए 6 अभ्यर्थी इण्डियन नेशनल कांग्रेस से गरीबा मौर्य, भारतीय जनता पार्टी से कौशल पटेल, आम आदमी पार्टी से मो. नासीर रंगरेज एवं छोटे लाल वर्मा, दीपक कुमार सोनी तथा श्यामलाल बर्मन ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं नगर पंचायत जनकपुर के पार्षद पद के लिए 59 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

# 2.5 हजार बाहरी लोगों को पुलिस ने पकड़ा

## ज्यादातर लोग यूपी-बिहार-झारखंड के, वेरिफिकेशन कराया गया, डिप्टी सीएम बोले-ये आम जनता के लिए खतरा

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है। रायपुर पुलिस गुरुवार तड़के सुबह से ही जिले के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले 2.5 हजार से अधिक लोगों उठाकर पुलिस लाइन लेकर आई। ज्यादा लोग दूसरे राज्य के रहने वाले हैं।



इनमें अधिक संख्या पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे राज्यों के लोगों की थी। सभी लोगों को पुलिस ने आधार कार्ड और वेरिफिकेशन किया है। सभी से एक-एक कर पूछताछ कर उनके रायपुर में रहने, काम करने और बाकी पहलुओं को लेकर पूछताछ की गई। साथ ही लोगों से वेरिफिकेशन फॉर्म भरवाया गया है।

**डिप्टी सीएम साव बोले-आम लोगों के लिए खतरा:** डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, अवैधानिक रूप से रह रहे लोग और उनके कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति निर्मित हो सकता है। इनके कारण शहर में प्रदेश में अन्य बहुत तरह की समस्याएं पैदा होती है। कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा है। आम लोगों के लिए भी खतरा है।

जिनकी कोई आइडेंटिटी नहीं है। कहां से आए हैं ? कौन है, क्या करते हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखकर प्रशासन ने इस पर बहुत गंभीरता से ध्यान दिया है। जो भी अवैध रूप से रह रहे होंगे। उन पर कार्रवाई निश्चित रूप से होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी का रटा रटाया आरोप है। बांग्लादेशी और रोहिणी के खिलाफ कार्रवाई लंबे समय से चल रही है। हर चीज को चुनाव के साथ जोड़कर देखना। यह कांग्रेस पार्टी की आदत है। वास्तविकता यह है कि कानूनी व्यवस्था का मामला है। राज्य की सुरक्षा का मामला है।

आम लोगों की सुरक्षा का मामला है। इसलिए प्रशासन इस तरह की कार्रवाई कर रही है। जो बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोग हैं, जो यहां रह रहे हैं। निश्चित रूप से उन पर कार्रवाई कानून सम्मत होगी।

**दूसरे राज्य के लोगों ने नहीं दी थी थाने में जानकारी:** रायपुर एडिशनल एसपी लखन पटले ने बताया कि, कई माध्यम से जानकारी मिल रही थी कि रायपुर जिले के थाने क्षेत्र में दूसरे राज्यों से आकर लोग रहे हैं। लेकिन उनकी जानकारी थाने में नहीं थी। हमें जानकारी मिली थी कि कई लोग संदिग्ध गतिविधियों में शामिल थे। जिसके बाद हमने यह अभियान छेड़ा है।

# भरतपुर विकासखण्ड में हुआ मतदाता जागरूकता का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। विकासखंड भरतपुर के ग्राम हरचौका, घोरधारा, लड़कोड़ा, डोंगरीटोला में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत भरतपुर से स्वीप नोडल अधिकारी पवन सिंह चंदेल एवं सहायक नोडल अधिकारी हीरा सिंह के द्वारा करवाया गया है। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जाबो (जागव-वोटर) कार्यक्रम के तहत 23 फरवरी 2025 को होने वाले आम चुनाव में मतदान करने एवं अपने आस पास के सभी लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने कहा गया। इस दौरान वहां के लोगों ने कहा कि हम लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वह पूरी निष्ठा के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन के लिए कृतसंकल्पित हैं।



इस दौरान ग्रामीण हीरालाल, हरिशंकर, कृष्णपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, सरिता, राम सिंह, शेषमन, जोगिंदर, रमेश सिंह, रोशनी, आयुष, विजय बहादुर, रेशमा, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

# जिला अनुज्ञापन अधिकारी ने अस्त्र-शस्त्र जमा कराने किया आदेश जारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** डी. राहुल वेंकट, जिला दण्डाधिकारी एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, आगामी नगरीय निकाय (नगर पालिक निगम चिरमिरी)/ त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-2025 के निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला सीमा क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसों को जमा करवा लेना आवश्यक समझता हूँ, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो सके तथा इन अस्त्रों का दुरुपयोग होने से रोका जा सके। अतः आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लाज (बी), धारा-21 के तहत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित करता है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में तत्काल जमा करायें, इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने की अनुज्ञप्ति है वहां भी जमा कर सकते हैं। जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं। उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे।

संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लाइसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लाइसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लाइसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस आदेश के तहत मान्यता प्राप्त बैंकों व सुरक्षा गार्ड/वित्तीय सस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। इस कंडिका में उल्लेखित वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी, ताकि अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे एवं संबंधित थानेदार इनकी सूची पंजी में संधारित कर इसकी सूचना जिला कार्यालय के स्थानीय निर्वाचन शाखा में देंगे। आदेश जारी होने के दिनांक से नगरीय निकाय (नगर पालिक निगम चिरमिरी)/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति तक के लिए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियों (बिन्दु कमांक 3 के लायसेंसियों के लाइसेंस छोड़कर) के शस्त्र लायसेंस निलंबित किये जाते हैं।

# कारोबारी के ठिकानों पर दूसरे दिन भी छापेमारी जारी

## घर-दफ्तरों में दस्तावेज खंगाल रहे आयकर अधिकारी, 1.5 करोड़ और गोल्ड मिलने की चर्चा

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग में बुधवार को आयकर विभाग ने कारोबारियों के ठिकाने पर छापा मारा था। जो आज गुरुवार को भी जारी है। इस कार्रवाई 1.5 करोड़ रुपए और भारी मात्रा में गोल्ड मिलने की बात कही जा रही है। हालांकि अफसरों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।




रायपुर में कारोबारी समूह सत्यम बालाजी राइस इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड के ठिकानों में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रेड जारी है। इनके घर-दफ्तर के बार पुलिस का पहरा है। इस ग्रुप से जुड़े कमीशन एजेंट और दूसरे छोटे व्यवसायियों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा अफसर शामिल हैं।

**इन ठिकानों पर चल रही कार्रवाई:** रायपुर के राजीव नगर स्थित घर, जवाहर मार्केट स्थित ऑफिस, राठौर चौक स्थित गौदाम, कमीशन एजेंट्स के ऑफिस और रिंगरोड स्थित जगुआर शोरूम ऑटोमोबाइल शोरूम में जांच की जा रही है। यह कंपनी प्रदीप और पुरुषोत्तम अग्रवाल नाम के कारोबारियों की है। इसके अलावा, दुर्ग-भिलाई और आंध्रप्रदेश के कुछ शहरों में भी कार्रवाई जारी है।

**एक दिन और चल सकती है कार्रवाई:** छापेमारी के दौरान अंदर-बाहर आते-जाते अफसर मीडिया के किसी भी सवाल का कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। खबर है कि अफसरों को कुछ बैंक लॉकर्स की जानकारी मिली है। उन लॉकर्स में क्या है, इसकी भी जांच की जाएगी। माना जा रहा है कि जांच एक दिन और चल सकती है।

**एक साथ 10 से ज्यादा जगहों पर सर्चिंग:** बता दें कि, बुधवार की सुबह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के नंबर प्लेट वाली वाइट और सिल्वर गाड़ियों से अधिकारी पहुंचे हैं। दस्तावेजों की जांच चल रही है। हालांकि आयकर विभाग ने इस कार्रवाई पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। खबर है कि गोंदिया, काकीनाडा समेत 22 स्थानों पर आयकर छापेमारी की गई है।

# औद्योगिक विकास के लिये हरसंभव सहायता देने सरकार प्रतिबद्ध–मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पैनासोनिक एनर्जी से अपेक्षाएँ जताईं कि वह राज्य में अपनी स्किल डेवलपमेंट पहल को बढ़ावा दे, ताकि प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने पैनासोनिक एनर्जी को ऊर्जा भण्डारण और सस्टेनेबल बैटरी निर्माण के लिए पीथमपुर में अपनी इकाई का विस्तार करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने प्रदेश में रिसर्च और डेवलपमेंट केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया। इससे प्रदेश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वृद्धि हो सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी जापान यात्रा के तीसरे दिन पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पैनासोनिक के अधिकारियों से मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों और सहयोग की संभावनाओं



पर गहन चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पैनासोनिक एनर्जी के साथ मध्यप्रदेश में विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी निर्माण और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में नई यूनिट्स स्थापित करने पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नीति और पैनासोनिक एनर्जी के लिए विशेष वित्तीय सहायता योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि इससे पैनासोनिक को मध्यप्रदेश में और अधिक निवेश करने के अवसर मिल सकते हैं।

## अमित शाह बोले-आप का मतलब झूठ, फरेब, धोखा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आज रोहिणी की रैली में कहा कि केजरीवाल कहते थे कि यमुना के पानी को लंदन की थेम्स नदी जैसा बना देंगे और वे खुद उसमें डुबकी लगाएंगे। लेकिन केजरीवाल ने आज तक डुबकी क्यों नहीं लगाई? शाह ने कहा कि आप का मतलब है झूठ, फरेब और धोखा। केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषित करके दिल्ली वालों को प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया है। जल बोर्ड के साफ पानी देने के सारे पैसे आप ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली के लोगों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना में जहर मिलाया है। शाह ने कहा- केजरीवाल बताएं कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। केजरीवाल चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं।

## हैदराबाद के राजीव गांधी एयरपोर्ट पर बम की धमकी

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** तेलंगाना में हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम की धमकी भरा फोन आया है। इसके बाद एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बम स्क्वॉड के साथ छानबीन की लेकिन एयरपोर्ट पर बम नहीं मिला है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फोन बुधवार दोपहर 1 बजे कामारेड्डी जिले के नितिन नामक व्यक्ति ने किया था। उसने कथित तौर पर एयरपोर्ट पर करीब 100 कॉल किए थे और दावा किया था कि एयरपोर्ट पर बम है। हालांकि उसके माता-पिता ने बताया है कि वह मानसिक रूप से परेशान है। एयरपोर्ट पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गांधीजी की पुण्यतिथि,श्रद्धांजलि के बाद सीएम नीतिश ताली बजाने लगे

**पटना( एजेंसी )।** आज महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि है, पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। पटना में भी बापू के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। यहां ष्टरूनीतीश महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद ताली बजाने लगे। विधानसभा स्पीकर नंदकिशोर यादव ने उन्हें रोका। इस दौरान मुख्यमंत्री के पास खड़े डिप्टी ष्टरूविजय सिन्हा कंफ्यूज दिखे। पहले उन्होंने ताली बजाने के लिए हाथ उठाया, फिर नीचे कर लिया। दरअसल, मुख्यमंत्री, मंत्रियों के साथ पटना के गांधी घाट में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

## पंजाब सीएम के दिल्ली आवास पर चुनाव आयोग की रेड

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर कपूरथला हाउस पर गुरुवार को चुनाव आयोग की टीम तलाशी लेने पहुंची है। कपूरथला हाउस के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं। टीम को फिलहाल अंदर जाने से रोक दिया गया है। मान के घर पहुंचे रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडे ने कहा, हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है। हमें 100 मिनट में शिकायत का निपटारा करना है। हमारी फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम यहां आई थी,



जिसे अंदर नहीं जाने दिया गया। मैं उनसे अनुरोध करने आया हूं कि हमें एक कैमरापर्सन के साथ अंदर जाने दिया जाए। पैसे बांटने की शिकायत ऐप पर मिली थी। सीएम भगवंत मान ने कहा- प्रवेश वर्मा खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, लेकिन यह चुनाव आयोग को नहीं दिख रहा। वर्मा ट्वीट करके बताते हैं कि वे कहां पैसे बांटेंगे। लेकिन भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज के घर पर छापेमारी होती है। दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर पंजाबियों को बदनाम कर रही है, जो की बहुत ही निंदनीय है। आप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- हार सामने देख, कांप उठी भाजपा। भाजपा की दिल्ली पुलिस पंजाब के ष्टरू भगवंत मानजी के दिल्ली वाले घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चादर बांट रहे हैं मगर पुलिस और चुनाव आयोग की आंखों पर तो भाजपाई पट्टी बंधी है।

## चुनाव आयोग बोला- केजरीवाल यमुना में जहर का सबूत दें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच यमुना के पानी को लेकर अरविंद केजरीवाल और चुनाव आयोग के बीच गुरुवार को जमकर बयानबाजी हुई। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी और 5 सवाल किए। आयोग ने पूछा- यमुना के पानी में किस जगह जहर मिला, सबूत दें। अमोनिया के बढ़ते लेवल के मुद्दे को जहर आदि के आरोपों से मिलाए बिना 31 जनवरी सुबह 11 बजे तक जवाब दें, वर्ना कार्रवाई की जाएगी। इस पर अरविंद केजरीवाल ने कहा- दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं। चुनाव आयोग इस



पर कार्रवाई नहीं करता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। यमुना के पानी की 3 बोतलें भेजेंगे। राजीव कुमार प्रेस कॉन्फ्रेंस में पानी पीकर दिखा दें। केजरीवाल ने कहा- राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं।

## जेके सीमेंट प्लांट हादसा, 4 मौत, 15 घायल

**पन्ना ( एजेंसी )।** पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। मौके पर पहुंचे कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि घटना में 4 लोगों की मौत हुई है। इनके शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। रावत ने 15 मजदूर घायल होने की पुष्टि भी की है। डीआईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि चार मृतकों में तीन बिहार के रहने वाले हैं और एक पन्ना जिले के सिमरिया का रहने वाला है। प्लांट का दौरा कर लौटे अधिकारियों ने बताया कि मृतकों को प्लांट प्रबंधन की तरफ से 18-18 लाख रुपए दिए जाएंगे। घायलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही कटनी के अस्पताल में सभी का इलाज किया जा रहा है। जब तक घायल मजदूर पूर्ण रूप से स्वस्थ्य नहीं हो जाते तब तक प्रबंधन की तरफ से इलाज करवाया जाएगा। सभी को पूरी सैलरी भी दी जाएगी।

## सरकार बजट सेशन में 16 बिल ला सकती है

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद का बजट सत्र शुक्रवार (31 जनवरी) से शुरू हो रहा है। इस सत्र में 16 बिल आ सकते हैं। इसमें वक्फ अमेंडमेंट बिल समेत 12 बिल 2024 के मानसून और विंटर सेशन में लाए गए थे। चार नए बिल में फाइनेंस बिल के अलावा प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट इन एयरक्राफ्ट ऑब्जैक्ट्स, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी और इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल शामिल हैं। पुराने बिल में



वक्फ अमेंडमेंट बिल सबसे महत्वपूर्ण है। इसे पिछले साल 8 अगस्त को संसद में पेश किया गया था। हालांकि संशोधनों पर सहमति के लिए सरकार ने इसे जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को सौंप दिया था। जेपीसी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने गुरुवार (30 जनवरी) को अपनी रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी है।

द वक्फ (अमेंडमेंट) बिल, 2024- इस बिल के जरिए सेंट्रल वक्फ कौंसिल और वक्फ बोर्ड के स्ट्रक्चर में बदलाव किया जाएगा। अब तक महिलाएं और गैर मुस्लिम व्यक्ति वक्फ बोर्ड में शामिल नहीं हो सकते हैं, जबकि बिल पास होने पर ऐसा हो सकेगा।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव-क्रॉस वोटिंग में भाजपा की हरप्रीत जीतीं

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा की हरप्रीत बबला नई मेयर बन गई हैं। उन्होंने क्रॉस वोटिंग के बाद 2 वोटों से चुनाव जीता। भाजपा उम्मीदवार को 19 वोट मिले। वहीं, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार प्रेम लता को 17 वोट मिले। मेयर चुनाव में भाजपा के पास सिर्फ 16



पार्षदों का समर्थन था। वहीं, आप के 13 और कांग्रेस के 6 के अलावा एक सांसद मनीष तिवारी समेत 20 वोट थे। आप+कांग्रेस गठबंधन के पास पूर्ण बहुमत था। इसके बावजूद उनकी उम्मीदवार हार गई। मेयर चुनाव के नतीजे से साफ है कि यहां आप-कांग्रेस गठबंधन के 3 वोट भाजपा के पक्ष में हुए हैं। 2024 में हुए मेयर चुनाव में धांधली हुई थी। तब चुनाव अधिकारी ने वोटों पर क्रॉस लगा दिया था

## लॉरेंस इंटरव्यू की जांच डीजीपी प्रबोध कुमार ही करेंगे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** गैंगस्टर लॉरेंस के पंजाब पुलिस की कस्टडी में हुए इंटरव्यू मामले की जांच आगे भी डीजीपी प्रबोध कुमार ही करेंगे। जिस पर डीजीपी ने अपनी सहमति दे दी है। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में केस की सुनवाई के दौरान सरकार ने यह जानकारी दी। हालांकि डीजीपी 31 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। सरकार ने बताया कि उसके पास सिर्फ एक ही डीजीपी केंद्र सरकार का इंपैनल है। जबकि शेष एडीजीपी के तौर पर इंपैनल है। हाईकोर्ट ने कहा कि डीजीपी प्रबोध कुमार ने अब तक बढ़िया जांच की है। अदालत ने सुनवाई दौरान डीजीपी प्रबोध कुमार को डेढ़ लाख रुपए महीना अदा करने के आदेश दिए हैं। कहा कि वह जिस भी एंगल पर जांच करना चाहते हैं, वह जांच कर सकते हैं। बता दें कि, मामले की जांच में एसआईटी अहम भूमिका है। क्योंकि जब यह मामला सामने आया था तो दावा किया गया था कि इंटरव्यू पंजाब की किसी जेल में नहीं हुआ था।

## बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई।बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अध्यक्षता की।

संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी



को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि मीटिंग अच्छी रही। पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाए हैं और उन पर चर्चा की मांग की। कमेटी तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## महाकुंभ में 30 मौतों के जिम्मेदार 6 अफसर

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** 28 जनवरी की देर रात करीब 1.30 बजे प्रयागराज के संगम नोज इलाके में भगदड़ मच गई। प्रशासन के मुताबिक 30, जबकि भास्कर रिपोर्टर्स के मुताबिक 35-40 लोगों की मौत हुई है। 29 जनवरी की दोपहर होते-होते मौनी अमावस्या का शाही स्नान भी हो गया, लेकिन इन मौतों के लिए जिम्मेदार कौन हैं, ये सवाल अब भी सामने है।

छानबीन में सामने आया है कि ये भगदड़ एक अकेली गलती नहीं थी। ये बीते दो दिनों से हो रही गलतियों के एक सिलसिले का आखिरी छोर थी, जहां 35-40 लोगों को जान गंवानी पड़ी। साल भर की तैयारी और 7,535 करोड़ खर्च के बाद भी महाकुंभ का इंतजाम सवालों के घेरे में है। ये भगदड़ मेले की जिम्मेदारी संभाल रहे 6 अहम अफसरों की अनदेखी या गलत फैसलों का नतीजा थी।

गलतियों का ये सिलसिला 27 जनवरी से शुरू हुआ। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या थी और देशभर से करोड़ों लोग प्रयागराज आ रहे थे।

## स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के घर के बाहर कचरा फेंका

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को गुरुवार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मालीवाल दिल्ली में सफाई के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर कूड़ा फेंकने गई थीं।

इससे पहले मालीवाल लोडिंग ऑटो लेकर विकासपुरी पहुंची। यहां उन्होंने लोगों के साथ सड़क से कचरा उठाया और ऑटो में भरकर केजरीवाल के घर गईं। यहां उन्होंने सारा कचरा सड़क पर फेंक दिया।

इस दौरान दिल्ली पुलिस उन्हें बार-बार चेतावनी देती रही कि आप सड़क पर कचरा नहीं फेंके, वरना कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मालीवाल नहीं मानीं, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

मालीवाल ने कहा- पूरा शहर कूड़ेदान में बदल गया है। मैं केजरीवाल से बात करने आई हूं। मैं



उनसे कहूंगी सुधर जाओ, नहीं तो जनता सुधार देगी। मैं न तो उनके गुंडों से डरती हूं और न ही उनकी पुलिस से। मालीवाल ने सुबह प्रदर्शन से पहले कहा था- 3 ट्रक भरकर कचरा लेकर केजरीवाल जी के घर पहुंचने वाली हूं।

केजरीवाल जी डरना मत.. जनता के सामने आना और देखना क्या हाल बनाया है दिल्ली का।

## महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत सभी बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

पीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं।

राहुल गांधी ने लिखा- गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं।

खड़गे ने लिखा- बापू को श्रद्धांजलि, वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा- शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे



हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे।

सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो समानता और सभी के उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते हैं। आइए हम भारत की विविधता में एकता की रक्षा करें और सभी के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करें।

# स्टीव स्मिथ श्रीलंका के खिलाफ ठोका सबसे तेज 35वां टेस्ट शतक, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जिसके पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ ने बुधवार को बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सबसे तेज शतक ठोका। उन्होंने गॉल के मैदान पर स्टंप्स तक 188 गेंदों में 10 चौकें और 1 छक्के के दम पर नाबाद 104 रन बनाए। ये उनके टेस्ट करियर का 35वां शतक है। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले प्लेयर्स की फेहरिस्त में शामिल हो गए हैं वो इस एलीट लिस्ट में सातवें बल्लेबाज बन गए हैं।

वहीं 35 वर्षीय स्मिथ ने पारियों के लिहाज से सबसे तेज 35 टेस्ट शतक कंप्लीट करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर एंट्री मारी है। उन्होंने 115वें टेस्ट के दौरान 205वीं पारी में ये आंकड़ा बनाया है। वहीं टेस्ट में सबसे तेज 35 शतक ठोकने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के नाम है। उन्होंने 194वीं पारी में ऐसा किया था। पोंटिंग ने अपने करियर में 168 टेस्ट में कुल 41 शतक जमाए। दूसरे नंबर पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। जिन्होंने 200वीं पारी में 35 टेस्ट सेंचुरी पूरी की है। सचिन ने 200 टेस्ट में सबसे ज्यादा 51 शतक लगाए। स्मिथ ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर कुमार संगाकारा को पछाड़ा है, जो अब चौथे पायदान पर हैं।

संगाकारा ने 134 टेस्ट में कुल 36 सेंचुरी लगाईं। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर जैक्स कैलिस हैं। कैलिस ने 166 मुकाबलों में 45 टेस्ट शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने 268 पारियों में ये कारनामा दर्ज किया है। रूट ने अभी तक 152 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 36 शतक जमाए। जबकि पूर्व भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ सातवें स्थान पर हैं। जिन्होंने 272 पारियों में 35 शतक पूरे किए हैं।

साथ ही स्टीव स्मिथ ने इस दौरान एक अनोखा रिकॉर्ड भी बनाया है। दरअसल, वह श्रीलंकाई सरजमीं पर तीन शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 2022 में श्रीलंका दौरे पर गॉल में नाबाद 145 रनों की पारी खेली थी। स्मिथ ने 2016 में कोलंबो के स्टेडियम में 119 रन जुटाए थे। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन स्टंप्स तक 81.1 ओवर में दो विकेट पर 300 रन जोड़े।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ देहरादून में 38वें नेशनल गेम्स का आगाज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज हो गया है। इस दौरान राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पीएम मोदी ने समारोह में खेला का शुभारंभ किया। सीएम धामी ने पीएम मोदी का सिल्क्वारा पर लिखी किताब, शाल और उत्तराखंड की पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया।

वहीं जब पीएम मोदी स्टेडियम में पहुंचे तो लोगों ने खास उत्साह दिखाया। पीएम ने दर्शक दीर्घा से हाथ हिलाकर धन्यवाद किया। स्टेडियम में मोदी मोदी के नारे लगे तो वहीं जय श्री राम के नारे भी लगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में शिव तांडव नृत्य भी हुआ। उससे पहले मैं हिमालय हूं की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। हिमालय के वर्णन के बाद स्टेडियम के बीच बने हिमायल पर्वत पर लाइटिंग से शिव तांडव स्त्रोत हुआ।

इस दौरान बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पीएम मोदी को मंच पर तेजस्विनी मशाल सौंपी। जो 13 जिलों से चार हजार किमी की यात्रा कर आई है। वहीं इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि, आज ऐसी चुनौती की बात करना चाहता हूं हमारे देश में मोटापे की समस्या तेजीसे बढ़ रही है। हर उम्र के लोग, युवा प्रभावित हो रहे। इससे डायबिटिक, हार्ट के रोग बढ़ रहे।

## आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स ने लॉन्च की नई जर्सी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 का आगाज 21 मार्च से होगा। इस बीच लगभग सारी टीमों ने अपनी तैयारियों को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। बहरहाल राजस्थान रॉयल्स ने अपनी नई जर्सी लॉन्च की है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया है।

इस पोस्ट में नई जर्सी को देखा जा सकता है। हालांकि, इस नई जर्सी में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं हैं। वहीं इस वीडियो में जयपुर की झलक साफतौर पर देखने को मिली। साथ ही फ्रेंचाइजी का कहना है कि इस नई जर्सी में राजस्थान के कण-कण के इतिहास की झलक देखने को मिलेगी। राजस्थान रॉयल्स के वीडियो में नए हेड कोच राहुल द्रविड़ भी नई जर्सी में दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा शेन वॉर्न, शेन वॉटसन, स्टीव स्मिथ, जोस बटलर के अलावा रविचंद्रन अश्विन का भी नाम उन्होंने अपनी नई जर्सी के लॉन्च वीडियो में दिखाया है। सोशल मीडिया पर राजस्थान रॉयल्स का पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

बता दें कि, पिछले 2 सीजन में संजू सैमसन की अगुवाई में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। लेकिन टाइटल तक पहुंचने में टीम नाकामयाब रही है। इस बार राजस्थान रॉयल्स की नजरें खिताब के सूखे को खत्म करने पर होंगी।

## बिजनेस टाइकून आनंद महिंद्रा ने अपना वादा किया पूरा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिजनेस टाइकून आनंद महिंद्रा ने आखिरकार अपना वादा पूरा किया। दरअसल, उन्होंने पैराएथलीट शीतल देवी को कार गिफ्ट में दी है। दरअसल, आनंद महिंद्रा ने शीतल देवी का कार गिफ्ट देने की बात कही थी लेकिन शीतल उस समय 18 साल से कम उम्र की थी तो। जिसके बाद अब आनंद महिंद्रा ने पोस्ट में लिखा कि, मुझे शीतल देवी को स्कॉर्पियो में देखकर गर्व महसूस हो रहा है।

वह हम सबके लिए प्रेरणा हैं और उन्हें स्कॉर्पियो में देखकर अच्छा लग रहा है। ये गाड़ी उनके लिए बिल्कुल सटीक है क्योंकि वह नई बुलंदियों को छूने के अपने सफर पर हैं। महिंद्रा कंपनी के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि मैं शीतल देवी की काबिलियत का पहले से फैन रहा हूं, लेकिन अभ निजी तौर पर मिलने का अनुभव शानदार रहा। आनंद महिंद्रा ने आगे लिखा कि, उनके दृढ़ संकल्प, जूझने की क्षमता और फोकस से मैं काफी प्रभावित हुआ हूं। मैंने उनकी मां और बहन से भी बात की और मुझे पता चल गया है कि उन्हें ये गुण अपने परिवार से ही मिले हैं। बता दें कि, शीतल देवी भारत की सबसे कम उम्र की पैरालंपिक मेडल विनर हैं। जेनेटिक डिसऑर्डर फोकोमेलिया के कारण उनका जन्म बिना हाथों के हुआ है। लेकिन बावजूद इसके वो हार नहीं मानती। उन्होंने महज 17 साल की उम्र में बीते साल आयोजित पैरालंपिक में मिक्स्ड टीम कंपाउंड इवेंट में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

# भुवनेश्वर चरण के लिये भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम में चुना गया है जबकि युवा फॉरवर्ड सोनम को भी स्टैंडबाय के रूप में जगह मिली है। भारत को 15 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से दो दो बार खेलना है। भारतीय टीम की कमान एक बार फिर सलीमा टेटे के हाथ में होगी जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान होंगी।

महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कटारिया के अलावा अनुभवी डिफेंडर निक्की प्रधान, ज्योति छत्री , मिडफील्डर बलजीत कौर और फॉरवर्ड मुमताज खान तथा रूतुजा डडास भी टीम में हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा ,'' टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है जो शीर्ष स्तर के टूर्नामेंट के लिये जरूरी भी है। हमारा फोकस संतुलित टीम पर है जिसमें हर पोजिशन के लिये मजबूत विकल्प हों।'' गोलकीपर बांवरी सोलंकी, डिफेंडर अक्षता ढेकाले और ज्योति सिंह, फॉरवर्ड साक्षी राणा, अन्नु और सोनम को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। उन्नीस वर्ष की सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। हरेंद्र ने कहा ,'' हमें टीम की तैयारियों पर यकीन है और हमारा मानना है कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर सकती है।''

एफआईएच नियमों के अनुसार अगर प्रो लीग के किसी चरण में किसी टीम के चार से अधिक मैच है तो पहले चार मैचों के बाद 24 सदस्यीय टीम में बदलाव किया जा सकता है।

भारतीय टीम- गोलकीपर - सविता और बिछू देवी खारीबाम डिफेंडर = सुशीला चानू, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री मिडफील्डर- वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे , सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, बलजीत कौर, शर्मिला देवी। फॉरवर्ड = नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रूतुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया।

## विराट कोहली की सुरक्षा में बड़ी चूक



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रणजी ट्रॉफी में दिल्ली वर्सेस रेलवे के मैच के दौरान विराट कोहली की सुरक्षा में चूक हुई है। दरअसल, विराट कोहली 20 जनवरी को करीब 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी मैच में खेलने के लिए उतरे। दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने टॉस जीकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उनका ये फैसला सही साबित हुआ। रेलवे की शुरुआत खराब रही। उसने 37 गेंद के भीतर सिर्फ 21 रन के स्कोर पर अपने 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैदान पर एक ऐसी घटना घटी, जिसने सबको हैरान कर दिया साथ ही अरुण जेटली स्टेडियम की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए हैं। मैच देखने आया एक दर्शक गौतम गंभीर स्टैंड के सामने लगी जाली फांदकर मैदान पर पहुंच गया। वह सीधा विराट कोहली के पास गया। उसने विराट कोहली के पैर छुए, इस बीच मैदान पर तैनात पुलिसकर्मी और सुरक्षा स्टाफ के कई सदस्य भी दौड़कर मैदान पर पहुंच गए। वह उस युवक को पकड़कर बाहर ले गए। इस घटना के बाद बाउंड्री लाइन पर सुरक्षाकर्मी तैनान कर दिए गए। विराट कोहली के खेलने के कारण इस मैच को लेकर दर्शकों में बहुत ज्यादा उत्साह देखने को मिला है। वह मैदान पर देखने को भी मिला। सुबह 10 बजे तक करीब 15 हजार से ज्यादा दर्शक मैदान पर पहुंच चुके थे। गौतम गंबीर स्टैंड पूरी तरह से भरा हुआ था।

# मेघालय के खिलाफ शार्दुल ठाकुर की बेहतरीन गेंदबाजी, हैट्रिक लेकर मचाया कोहराम





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रणजी ट्रॉफी के 7वें राउंड का आगाज बेहतरीन रहा। एक तरफ जहां विराट कोहली ने दिल्ली के मैदान पर उतरकर घरेलू क्रिकेट में फैंस का सैलाब ला दिया वहीं शार्दुल ठाकुर ने मुंबई में हैट्रिक लेकर धमाल मचाया। मुंबई का आखिरी मुकाबला मेघालय के खिलाफ जारी है। ये मैच शरद पवार क्रिकेट अकादमी बीकेसी में खेला जा रहा है। मैच की शुरुआत में ही हैट्रिक लेकर शार्दुल ठाकुर ने मेघालय की टीम को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। उनकी इस हैट्रिक के दम पर मेघालय ने महज 2 रन पर ही अपने 6 बल्लेबाज गंवा दिए थे।

मेघालय के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने उतरी मुंबई के लिए गेंदबाजी की शुरुआत शार्दुल ठाकुर ने की और पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज निशांत चक्रवर्ती को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

इसके बाद तीसरे ओवर में हैट्रिक लेकर उन्होंने मेहमान टीम की कमर तोड़ दी। ठाकुर ने तीसरे ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर बी अनिरुद्ध, सुमित कुमार और जसकीरत को शून्य पर आउट कर अपनी पहली फर्स्ट क्लास हैट्रिक ली।

ठाकुर रणजी ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले मुंबई के पांचवें गेंदबाज हैं और रॉयस्टन डायस के बाद से 2023-24 में ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज हैं। इस सीजन में अब तक सात मैचों में ठाकुर ने एक शतक और दो अर्धशतक के साथ 20 विकेट और 297 रन बनाए हैं। वहीं ग्रुप ए में तीसरे स्थान पर काबिज मुंबई को बोनस अंक हासिल करने के लिए मौजूदा मैच को एक पारी या 10 विकेट से जीतना होगा। इससे वे जम्मू-कश्मीर के बराबर हो जाएंगे, जबकि बड़ौदा दूसरे स्थान पर है। मुंबई को उम्मीद होगी कि वडोदरा में होने वाले दोनों टीमों के बीच आखिरी दौर के मैच से जम्मू-कश्मीर या बड़ौदा को एक से ज्यादा अंक नहीं मिलें।

# वीरेंद्र सहवाग और आरती का वीडियो वायरल




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इन दिनों सोशल मीडिया में क्रिकेटर्स के तलाक की अफवाहें जोरो शोरो से चल रही हैं। पहले युजवेंद्र चहल फिर मनीष पांडे और अब पूर्व दिग्गज क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग की शादी टूटने की खबरें लगातार आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वीरेंद्र सहवाग और उनकी पत्नी आरती के बीच कुछ भी ठीक नहीं है।

वहीं दोनों लंबे समय से अलग रह रहे हैं और बात तलाक तक आ पहुंची है। सहवाग और आरती बचपन से एक-दूसरे को जानते थे जिसके बाद 2004 में दोनों की शादी हुई थी। उनका 20 साल का ये रिश्ता अब मुश्किल में है। इस दौरान पूर्व क्रिकेटर के रिश्ते में खटास की खबरों के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। जिसमें वह और उनकी पत्नी कार में बैठे हुए दिख रहे हैं। दोनों गुस्से में हैं और दोनों के बीच बहस भी होती दिख रही है। हालांकि, वीडियो में आवाज नहीं है इस वीडियो के बाद सहवाग के तलाक की खबरों ने और जोर पकड़ लिया है। लेकिन ये वीडियो असली या फेक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। क्योंकि इस वीडियो के कमेंट्स में कई फैंस ने वीडियो को ड्ढ जेनरेटेड बताया है। साथ ही वीरेंद्र सहवाग और आरती काफी समय से सार्वजनिक रूप से एक साथ भी नहीं दिखे हैं।

बता दें कि, वीरेंद्र सहवाग और आरती बचपन से एक-दूसरे को जानते थे। दोनों पहले से रिश्तेदार थे, दरअसल आरती की बुआ की शादी सहवाग के कजन से हुई थी। जब सहवाग 21 साल के हुए तो उन्होंने आरती को शादी के लिए प्रपोज किया जिस पर आरती ने हामी भरी। इसके बाद 22 अप्रैल, 2004 को सहवाग और आरती ने परिवार की रज़ामंदी से दिवंगत बीजेपी नेता और तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली के घर पर शादी रचाई। वहीं रिपोर्ट्स के अनुसार, आरती मौजूदा समय में सहवाग से अलग हौज खास वाले घर पर रहती है।

वीरेंद्र सहवाग ने पत्नी आरती के साथ आखिरी फोटो 28 अप्रैल 2023 को फोटो शेयर की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस कपल का ग्रे डिवोर्स हो सकताहै। इससे पहले कमल हसन और उनकी पत्नी सारिका ठाकुर, प्रकाश झा और दीप्ति नवल, मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान जैसे कई सेलेब्स का ग्रे डिवार्स हो चुका है। बता दें कि, ग्रे डिवार्स उस स्थिति को कहते हैं जब उम्र दराज दंपत्ति तलाक लेते हैं।

# सतना में बेकाबू ट्रक घर में घुसा

## 28 वर्षीय युवक की मौत, चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना जिले के एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। रामपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर में छिबौरा-कोटर मार्ग पर गुरुवार दोपहर 3 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक (एमपी 19 एचए 4187) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसा।

हादसे में मकान में मौजूद आजाद सिंह (28) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

**ट्रक मालिक ललितपुर से:** रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने बताया है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अत्यधिक गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। जांच में पता चला है कि ट्रक ललितपुर थाना ताला निवासी मोहित सिंह का है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

# गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे 18 कांग्रेसी

## 2 मिनट का मौन रखकर, 5 मिनट में निपटाई रस्म, विधायक और 13 पार्षद नहीं आए



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इसमें 18 कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता ही शामिल हुए। सिविल लाइन चौराहे पर स्थित बापू की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ग्रामीण दिलीप मिश्रा, शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद और कांग्रेस नेत्री उर्मिला त्रिपाठी समेत कुछ कार्यकर्ता मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने 'महात्मा गांधी अमर रहे' के नारे लगाए, लेकिन कार्यक्रम महज पांच मिनट में ही समाप्त हो गया।

इस अवसर पर न तो कोई प्रार्थना सभा की गई और न ही महात्मा गांधी के विचारों पर चर्चा हुई। जबकि देश भर में बापू की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रम और सभाएं की जा रही हैं। सतना में यह आयोजन केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया और फोटो सेशन के बाद सभी कार्यकर्ता अपने-अपने गंतव्य की ओर चले गए।

बता दें यहां विधायक और 13 पार्षद कांग्रेस से हैं, लेकिन वे भी कार्यक्रम में नहीं आए।

# शहीदों की स्मृति मे दो मिनट का मौन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अमर शहीदों की स्मृति मे 30 जनवरी को ठीक प्रातः 11 बजे से दो मिनट का मौन रखा गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष मे डिप्टी कलेक्टर श्री एलआर जांगड़े ने महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात् सायरन बजते ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रातः 11 बजे से दो मिनट का मौन रखा। इसके अलावा संपूर्ण जिले मे दो मिनट के लिए गतिविधियां रोककर जो व्यक्ति जहां भी रहे, उन्होंने वहां शहीदों की स्मृति मे दो मिनट का मौन धारण कर शहीदो का स्मरण किया।

# इनामी दंगल में 20 कुश्तियों में पहलवानों ने दिखाया दम

## चित्रकूट के पहलवान ने फतेहपुर के पुष्पेंद्र को पछाड़ा, सांसद ने किया शुभारंभ





**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट के पुरवा तरौहां गांव स्थित मां कालिका देवी क्रीड़ा स्थल में आयोजित विराट इनामी दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में लवकुश उपस्थित रहे।

दंगल में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। स्थानीय पहलवान शैलेन्द्र यादव ने फतेहपुर के पुष्पेंद्र को पछाड़ा, जबकि मऊ के राजू पहलवान ने गोरखपुर के कृष्णा पहलवान को मात दी। बांदा के राकेश पहलवान ने मऊ के उदय पहलवान को हराया।

पुरवा तरौहां के अनिल वर्मा ने मुंगुस के सहादेव पहलवान को परास्त किया। गोबरिया के राजू पहलवान ने फतेहपुर के दिनेश पहलवान को हराकर विजय हासिल की। मरका के राजा पहलवान और धौराही के अतुल पहलवान का मुकाबला बराबरी पर छूटा।

प्रतियोगिता में कुल 20 कुश्तियां हुईं, जिनमें चित्रकूट और आसपास के जिलों से आए पहलवानों ने अपना जौहर दिखाया। दर्शकों ने भी पहलवानों को खूब प्रोत्साहित किया और इनाम दिए। गोरेलाल गौतम, चंद्रपाल यादव, मिथलेश पांडेय और राधेश्याम तिवारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप कमेटी द्वारा आयोजित इस दंगल में ललित त्रिपाठी, अजय यादव, गौरव मिश्र समेत कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# गर्भवती बहू को जलाकर मारने पर सजा

## दहेज मांगने वाले पति, सास-ससुर को 14 साल और ननद को 12 साल की जेल



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट में एक दर्दनाक दहेज हत्या मामले में न्यायालय ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने मृतका के पति, सास और ससुर को 14-14 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई, जबकि ननद को 12 वर्ष की सजा दी गई।

मामला मऊ क्षेत्र के ताड़ी गांव का है, जहां ज्ञानचंद्र ने अपनी बेटी गीता की शादी 6 मई 2019 को शिवपुर गांव निवासी हनुमान से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर गीता को प्रताड़ित करने लगे। पिता जब बेटी को वापस घर ले आए, तो ससुराल वाले माफी मांगकर उसे वापस ले गए।

23 मई 2020 को दुखद घटना घटी, जब ससुराल वालों ने गर्भवती गीता पर मिट्टी का तेल डालकर उसे जला दिया। गंभीर हालत में उसे प्रयागराज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसका गर्भपात हो गया और 30 मई 2020 को उसकी मृत्यु हो गई।

न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषी पाते हुए पति हनुमान, ससुर गंगा उर्फ गंगादीन और सास रामदुलारी को 14-14 वर्ष का कठोर कारावास तथा 12-12 हजार रुपये का अर्थदंड, जबकि ननद गुड़िया को 12 वर्ष का कारावास और 12 हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया। यह फैसला दहेज प्रताड़ना और महिला हिंसा के खिलाफ एक कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# एलोपैथी दवा देने पर आयुर्वेदिक डॉक्टर की डिस्पेंसरी सील

### मरीजों की शिकायत पर हुई कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना में जवाहर नगर स्टेडियम के सामने स्थित डॉक्टर वी.के. तिवारी की डिस्पेंसरी को ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे ने सील कर दिया है।

गुरुवार दोपहर 2 बजे सिटी एसडीएम राहुल सिलाड़िया के नेतृत्व में एक टीम ने डिस्पेंसरी में छापेमारी की। टीम में सीएमएचओ डॉ. एल.के. तिवारी, ड्रग इंस्पेक्टर, आरआई, पटवारी और पुलिस शामिल थी। जांच के दौरान पाया गया कि डॉक्टर तिवारी, जिनके पास केवल आयुर्वेद की डिग्री है, मरीजों को एलोपैथिक दवाएं और इंजेक्शन प्रिस्क्राइब कर रहे थे।

सीएमएचओ डॉ. एल.के. तिवारी के अनुसार, एसडीएम को कई दिनों से शिकायतें मिल रही थीं कि डॉक्टर तिवारी मरीजों को महंगी एलोपैथिक दवाएं लिख रहे हैं, जिनसे मरीजों को आराम नहीं मिल रहा। यहां तक कि आयुर्वेदिक इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भी एलोपैथिक दवाएं दी जा रही थीं। छापेमारी के दौरान डिस्पेंसरी में एलोपैथिक दवाओं का बड़ा स्टॉक मिला।

कार्रवाई के दौरान डॉक्टर वी.के. तिवारी ने इसे अपने खिलाफ साजिश बताया, लेकिन प्रशासन ने सबूतों के आधार पर कड़ी कार्रवाई करते हुए डिस्पेंसरी को सील कर दिया।

# बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर पथराव

## आठ-दस लोगों ने घेरा, जान से मारने की धमकी



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना के नजीराबाद में बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर आठ से दस लोगों ने गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे पथराव कर दिया।

दरअसल, सहायक इंजीनियर लवनीश पांडेय के नेतृत्व में टीम रजा मस्जिद के पास रहने वाले अम्बिया खान के घर के बाहर जांच कर रही थी, तभी टीम ने तीन लोगों द्वारा बिजली चोरी का मामला पकड़ा। इनमें रजिया बेगम (पति हमीद खान), शब्बीर अली और रजा (दोनों स्वर्गीय अब्बास अली के पुत्र) शामिल थे।

जैसे ही टीम ने केस दर्ज करना शुरू किया, अम्बिया खान के साथ 8-10 लोग वहां जमा हो गए और बहस शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख टीम वहां से निकली, लेकिन आरोपियों ने उनके वाहन पर पथराव किया और पीछा कर गोशाला चौक तक घेर लिया। आरोपियों ने टीम को नजीराबाद में दोबारा न आने की चेतावनी दी और जान से मारने की धमकी दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शाम को सहायक इंजीनियर अवनीश पांडेय ने अपनी टीम के साथ सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। सिटी कोतवाली के टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# किसानों की आय में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास जारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

प्रदेश में मिशन सोयाबीन शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत अगले पाँच वर्षों में सोयाबीन का उत्पादन और तेजी से बढ़ेगा। केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल संचालित की जा रही है। धान की देशी फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत प्रदेश के कृषि विश्व विद्यालयों के माध्यम से धान की देशी फसलों का संरक्षण एवं उनसे नवीन किस्मों को विकसित किया जा रहा है। धान की जीरा शंकर, राजभोग, विष्णुभोग, चिन्नौर, कालीमूंछ जैसी किस्मों का संरक्षण और प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसी तरह गेहूँ की देशी किस्म का संरक्षण एवं उनसे नवीन किस्मों को विकसित किया जा रहा है। शरबती गेहूँ जैसी किस्मों का संरक्षण एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरसों विशिष्ट एफपीओ स्थापित कर सहकारी तेल मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरसों के मुख्य उत्पादन वाले जिलों के प्रत्येक ब्लॉक में सरसों खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हें। सरसों के उत्पादन को और अधिक बढ़ाया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा एमएसपी पर अरहर, मूंग, उड़द एवं मसूर जैसी सभी दालों की खरीदी की व्यवस्था को मजबूत बनाया गया है।

प्रदेश में बीजग्राम कार्यक्रम अंतर्गत 2 लाख 92 हजार 750 किसानों को 80 हजार 275 क्विंटल बीज वितरित किए गए हैं। स्वाइल हेल्थ कार्ड के द्वारा किसानों को उर्वरक और पोषक तत्वों की अनुशंसा के आधार पर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब तक 9 लाख 73 हजार 250 किसानों को स्वाइल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान से प्रयागराज की घटना के संदर्भ में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा रीवा संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात कर जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सीमा से लगे सभी जिलों में श्रद्धालुओं के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था, हेल्पलाइन नंबर सहित उपयुक्त व्यवस्था और अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से संयम से काम लेने और स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुगम व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने वाले स्वयंसेवी तथा सामाजिक संगठनों, सरपंचों, स्थानीय नागरिकों, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का आभार माना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से मन अत्यंत दुखी है। इस दुर्घटना में मध्यप्रदेश के तीन श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु की पुष्टि हुई है। तीनों मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दो-दो लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त नियमानुसार जिला प्रशासन द्वारा शोकाकुल परिवार की हरसंभव मदद की जा रही है। दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार मृतकों के परिजनों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगतों आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# कम्पोजिट मदिरा समूह के निष्पादन के लिये निविदा आमंत्रित

## 3 तक ऑनलाईन सबमिट किये जा सकेंगे टेण्डर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्य शासन के आदेशानुसार सतना जिले के 1 कम्पोजिट मदिरा दुकान पन्ना नाका सतना समूह में सम्मिलित 2 कंपोजिट मदिरा दुकानों का वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिये, निष्पादन ई-टेण्डर के माध्यम से ऑनलाईन टेण्डर 3 फरवरी 2025 तक सबमिट किये जा सकेंगे। मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिये प्रथम चरण में ई-टेण्डर सबमिट की प्रक्रिया 30 जनवरी से प्रारंभ होकर 3 फरवरी 2025 को दोपहर 1 बजे तक जारी रहेगी। ऑनलाईन सबमिट किये गये टेण्डर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समिति द्वारा 3 फरवरी को दोपहर 1.05 बजे से कलेक्ट्रेट सतना में खोले जायेंगे। निष्पादन के संबंध में दिशा-निर्देश आबकारी विभाग की वेबसाईट ृणमगबपेमण्उचण्हवअण्पद पर या पोर्टल पर निविदा भरने की जानकारी जिला आबकारी कार्यालय सतना में विजिट कर प्राप्त की जा सकती है।

### गेहूँ उपार्जन के लिये 31 मार्च तक होगा पंजीयन: खाद्य मंत्री

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए 28 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की विक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। अभी तक किसानों द्वारा गेहूँ के समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिये ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। अभी तक 28 हजार 677 किसानों ने पंजीयन कराया है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला सीहोर में 6122, उज्जैन में 5196, इंदोर में 4580, देवास में 2309, धार में 2286, शाजापुर में 1786, रतलाम में 1147, नर्मदापुरम 730, विदिशा 684, रायसेन 650, भोपाल में 609, राजगढ़ में 451, आगर मालवा में 244, बैतूल में 224, झाबुआ में 210, टीकमगढ़ में 179, मंदसौर में 158, खंडवा में 151, मंडला में 141, खरगौन में 127, नीमच में 91, हरदा में 102, नरसिंहपुर में 86, छतरपुर में 82, मुरैना में 59, सागर में 37, शहडोल में 35, दतिया में 32, निवाड़ी में 29, छिन्दवाड़ा में 28, सीधी में 24, सिंगरौली में 19, श्योपुर में 11, बड़वानी में 9, रीवा में 9, अशोक नगर में 5, सिवनी में 7, उमरिया में 6, अनूपपुर में 5, अलीराजपुर में 4, ग्वालियर में 4, दमोह में 3, बुरहानपुर में 2 डिण्डोरी में 2, सतना में 1 और पन्ना में 1 किसान ने पंजीयन कराया है।

# महाकुंभ स्नान के बाद चित्रकूट 10 लाख श्रद्धालु

## 5 किमी पैदल चलकर कर रहे मंदाकिनी में स्नान, शहर में लगा जाम



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में स्नान करने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु चित्रकूट पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अब तक लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं ने चित्रकूट की यात्रा की है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

श्रद्धालु मंदाकिनी नदी में स्नान के साथ-साथ कामतानाथ मंदिर की परिक्रमा कर रहे हैं। राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश से आए भक्तों को भारी यातायात के कारण करीब 5 किलोमीटर पैदल चलकर मंदाकिनी नदी तक पहुंचना पड़ रहा है। शहर में जगह-जगह वाहनों का जाम लगा हुआ है।

जिला प्रशासन ने व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है और सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए देर शाम तक और भी भक्तों के पहुंचने की संभावना है।

# हादसे में युवक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर के विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत रतहरा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की जान चली गई। घटना के दौरान युवक के सिर पर गंभीर चोटआई। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन सहित चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चोरहटा थाना अंतर्गत ग्राम किटिया निवासी पंकज द्विवेदी जो मनगवां न्यायालय में रीडर के पद पर पदस्थ थे। पंकज रोज़ की तरह बाइक से मनगवां जा रहे थे, जैसे ही वो विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के रतहरा बाईपास के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वो सड़क पर गिर गए। हेलमेट लगाने के बावजूद उनके सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौत हो गई।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।